


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 90 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरूवार 12 जनवरी 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## राजपथ पर 9 वीं बार नजर आएंगे रिखी क्षत्रिय, करेंगे तीन राज्यों के कलाकारों का नेतृत्व

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** देश की राजधानी नई दिल्ली में इस वर्ष 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह में छत्तीसगढ़ के प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक और लोक कलाकार रिखी क्षत्रिय 9 वीं बार नजर आएंगे। इस बार रिखी क्षत्रिय देश के तीन प्रमुख आदिवासीय राज्यों के कलाकारों का नेतृत्व करते नजर आएंगे। इस संबंध में रिखी क्षत्रिय को केंद्रीय जनजाति कार्य मंत्रालय की ओर से औपचारिक पत्र मिल चुका है और रिखी व उनका समूह 12 जनवरी गुरुवार को नई दिल्ली रवाना हो रहा है।

यहां गौरतलब है कि इस वर्ष छत्तीसगढ़ शासन की झांकी राजपथ में नजर नहीं आएगी क्योंकि मिलेट मिशन पर आधारित छत्तीसगढ़ की झांकी को चयन समिति ने अनुमति नहीं दी थी। लेकिन अब छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोक कलाकार व लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय के तीन राज्यों के प्रतिनिधित्व का सम्मान देते हुए विशेष तौर पर आमंत्रित किया जा रहा है।

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति के आयुक्त असित गोपाल की ओर से रिखी क्षत्रिय और उनके समूह को इस संदर्भ में औपचारिक पत्र मिल चुका है। रिखी क्षत्रिय ने बताया कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनजाति कार्य मंत्रालय की झांकी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का चयन रक्षा मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति ने किया है।





जिसमें आदिवासी लोक नृत्य का प्रदर्शन करने के लिए 12 जनवरी से 28 जनवरी तक राष्ट्रीय रंगशाला कैंप केंद्रीय विद्यालय 2 के निकट जीपीएस कॉलोनी नई दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में उन्हें शामिल होना है। रिखी ने बताया कि इस झांकी में छत्तीसगढ़,झारखंड और ओडिशा से 10 महिला एवं 12 पुरुष सहित कुल 22 कलाकारों को शामिल किया जा रहा है। इस समूह के नेतृत्वकर्ता के तौर पर रिखी क्षत्रिय का चयन किया गया है।

उल्लेखनीय है कि भिलाई स्टील प्लांट से सेवानिवृत्त रिखी क्षत्रिय छत्तीसगढ़ी लोक कला एवं संस्कृति के प्रति बचपन से ही समर्पित रहे हैं। वह विगत चार दशक से छत्तीसगढ़ के अलग-अलग हिस्सों में पहुंच कर दुर्लभ वाद्य यंत्रों का संग्रह कर रहे हैं।

उनके इस संग्रह को विगत दो दशक में देश के सभी राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री सहित कई विशिष्ट अतिथिगण देख चुके और सराहना कर चुके हैं। वही रिखी क्षत्रिय ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भेजी जाने वाली गणतंत्र दिवस की झांकी विगत दो दशक में 8 बार नेतृत्व कर चुके हैं। इस वर्ष 2023 के गणतंत्र दिवस समारोह में रिखी क्षत्रिय के लिए 9 वां अवसर होगा जब वह राजपथ पर फिर एक बार नजर आएंगे।

## खास खबर...

### मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद जयंती 'राष्ट्रीय युवा दिवस' पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 12 जनवरी को विख्यात दार्शनिक और आध्यात्मिक गुरू स्वामी विवेकानंद जी की जयंती 'राष्ट्रीय युवा दिवस' पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। सीएम बघेल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि स्वामी विवेकानन्द जी के विचारों ने संपूर्ण समाज को एक नई दिशा दी है। उन्होंने अपने उपदेशों और ओजस्वी व्याख्यानों से देश-दुनिया को मानव जाति की सेवा का मार्ग दिखाया। स्वामी जी के 'उठो, जागो और तब तक नहीं रूको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जायें' जैसे कई सूक्त वाक्य युवाओं को नई ऊर्जा से भर देते हैं। उन्तालीस वर्ष की कम उम्र में स्वामी जी जो विचारों की अतुल्य विरासत हमें सौंप गए हैं, वे पीढ़ियों तक हमारा मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के लिए सम्मान और गर्व की बात है कि स्वामी विवेकानंद जी के बचपन का कुछ समय रायपुर में बीता। राज्य सरकार रायपुर में बसी स्वामी जी की अमूल्य यादों को सहेजने और संवारने का प्रयास कर रही है। रायपुर में बूढ़ापारा स्थित स्वामी जी के निवास स्थान रायबहादुर भूतनाथ डे चेरिटेबल ट्रस्ट के भवन को स्वामी विवेकानंद स्मारक के रूप में विकसित किया गया है। रायपुर के बूढ़ातालाब को विवेकानंद सरोवर का नाम दिया गया है। यहां विवेकानंद जी की ध्यानमग्न मुद्रा में स्थापित मूर्ति एक बारगी स्वामी जी के ओज और उपस्थिति को जीवंत बना देती है। नवा रायपुर स्थित विमानतल का नाम विवेकानंद जी के नाम पर रखा गया है इससे हर यात्री अनायास स्वामी जी से जुड़ जाता है। स्वामी जी से जुड़ी स्मृतियां रायपुर को विश्वपटल में एक विशेष पहचान देती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी जी के विचार और जीवन मूल्य से हमें हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

### बांस, सागौन और नीलगिरी के 1000 पौधे लगाने पर 3 साल में मिलेंगे 25 हजार का अनुदान

**दुर्ग।** नीलगिरी, टिश्यू कल्चर बांस, टिश्यू कल्चर सागौन, मिलिया डुबिया तथा अन्य आर्थिक लाभकारी पौधों के रोपण पर किसानों को तीन वर्षों के लिए 25 हजार पांच सौ रूपए तक की अनुदान राशि मिल सकेंगी। इन पौधों के रोपण को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना शासन ने आरंभ की हैं।

## शराब के अवैध परिवहन पर दुर्ग पुलिस की बड़ी कार्रवाई, मध्यप्रदेश से लाई जा रही थी शराब

# गोवा ब्रांड की 550 पेटी जब्त



श्रीकंचनपथ न्यूज







**दुर्ग।** मध्यप्रदेश से गोवा शराब के अवैध परिवहन पर दुर्ग पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। धमधा पुलिस ने मध्यप्रदेश से लाई जा रही शराब की 500 से ज्यादा पेटियां जब्त की है। ट्रक, टाटा सफारी व कार की मदद से यह अवैध परिवहन किया जा रहा था। जब्त शराब की कीमत 30 लाख से भी ज्यादा है। वहीं पुलिस ने ट्रक व कार भी जब्त कर लिया है। इस प्रकार कुल जब्ती 55 लाख से ज्यादा की है। इस मामले में एसपी डॉ अभिषेक पल्लव गुरुवार को बड़ा खुलासा कर सकते हैं।

मिली जानकारी के अनुसार धमधा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की शराब की बहुत बड़ी खेप मध्यप्रदेश से अवैध रूप से लाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने अपना जाल बिछाया और एक ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीडब्ल्यू 3630 , 1 टाटा सफारी व 1 डैटसन गो कार के साथ 550 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब कीमती करीब 30 लाख जब्त किया। साथ में तीनों वाहन भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी विनोद पटेल (42) निवासी कोहका भिलाई मूल निवासी रामपुर सीधी मध्यप्रदेश, दशरथ मीणा (45) निवासी गीता कालोनी सांवेर इंदौर को गिरफ्तार किया है। एक वाहन चालक भागने में सफल हो गया उसकी तलाश की जा रही है।

### फिल्मी स्टाइल में पीछा कर पकड़ी शराब

अवैध शराब के परिवहन की सूचना मिलने के बाद धमधा पुलिस ने घेराबंदी शुरू की। इसके बाद पुलिस की टीम ने ट्रक, सफारी व एक कार को चिह्नित किया और पकड़ने की योजना बनाई। पुलिस को देखने के बाद तीनों वाहन चालक भागने लगे। पुलिस ने भी फिल्मी स्टाइल में पीछा किया और तीनों गाड़ियों को रोक लिया। इस दौरान एक कार चालक भागने में कामयाब हो गया वहीं दो पुलिस की गिरफ्त में आए।

### पहली बार पकड़ाई इतनी शराब

अवैध शराब के परिवहन की यह एक बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। धमधा पुलिस को शराब की पेटियों से शराब का शीशियों को गिनने में कई घंटे की मशक्कत करनी पड़ी। बताया जा रहा है कि रात में पुलिस कप्तान भी शराब की इस खेप के पकड़े जाने के बाद फीडबैक लेते रहे।

## प्रदूषण के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, सड़क पर उतरे सैकड़ों लोग चक्काजाम कर रोकी गाड़ियां



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** रसमड़ा इंडस्ट्रियल एरिया से लगे रसमड़ा गांव के लोगों ने प्रदूषण के खिलाफ गुरुवार को मोर्चा खोल दिया है। गांव के सैकड़ों लोगों से सड़क पर उतरकर चक्काजाम कर दिया। मौके पर पुलिस व जिला प्रशासन के अफसर पहुंच गए। ग्रामीणों का कहना है यहां के इंडस्ट्री प्रदूषण नियंत्रण के उपाय नहीं कर रहे हैं जिसके कारण गांव के लोगों को अत्याधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गुरुवार को रसमड़ा गांव के लोगों ने चक्काजाम कर दिया है। यहां के लोगों का कहना है कि वे सभी यहां प्रदूषण से परेशान हैं और इसके खिलाफ कई बार जिला प्रशासन व जिम्मेदारों के पास शिकायत कर चुके हैं। इसके बाद भी प्रदूषण कम करने का कोई उपाय नहीं किया जा रहा है। इसके विरोध में ग्रामीणों ने चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। मौके पर प्राशासनिक अफसर व पुलिस की टीम पहुंच गई है। फिलहाल यहां लोगों का प्रदर्शन जारी है।









## संपादकीय

### नाचो-नाचो

तेलुगु फिल्म आरआरआर ने विश्व स्तर पर अपने एक गीत के लिए 'गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड' जीतकर इतिहास रच दिया है। अपने निर्माण के वर्ष में ही कालजयी करार दी गई इस फिल्म ने एक गीत नातु-नातु के लिए सर्वश्रेष्ठ मूल गीत (मोशन पिक्चर) की श्रेणी में यह सम्मान हासिल किया है। अमेरिका में आयोजित 80वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में यह फिल्म सर्वश्रेष्ठ गैर-अंग्रेजी विदेशी फिल्म की श्रेणी में भी पुरस्कार की दौड़ में थी, यहां जो कमी रह गई, उस पर गौर करना चाहिए। एसएस राजामौली जैसे निर्देशक राष्ट्र-स्तरीय ही नहीं, विश्वस्तरीय फिल्म बनाने में सक्षम हैं। यह सम्मान उनकी टीम के लिए एक आगाज होना चाहिए। उनकी टीम के लिए यादगार दिन हो गया, जब संगीतकार एम एम कीरावनी ने प्रतिष्ठित और अपना पहला गोल्डन ग्लोब पुरस्कार स्वीकार किया। यह एक तरह से नए साल पर देश को मिला बड़ा तोहफा है और इस फिल्म से जुड़े कलाकारों पर बधाइयों की बारिश शुरू हो गई है, तो कोई आश्चर्य नहीं। यह फिल्म 24 मार्च, 2022 को प्रदर्शित होने के बाद से डंका बजा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर अमिताभ बच्चन तक, सभी खुशी का इजहार कर रहे हैं। स्वाभाविक ही अब ऑस्कर का इंतजार बढ़ गया है। नातु नातु को अभी और भी पुरस्कार मिलने हैं। ध्वनि, शब्दों, अभिनय मुद्रा के नजरिये से इस तेज गीत ने करोड़ों दर्शकों को नचाया-झुमाया है। तेलुगु शब्द नातु का अर्थ है नाचो, तेलुगु में जो फिल्म है, उसमें नातु-नातु शब्द का इस्तेमाल हुआ है, जबकि हिंदी संस्करण में नाचो-नाचो शब्द इस्तेमाल हुआ है। यह गीत एक तरह से नाचने का आह्वान है। ऐसे गीतों में प्रसिद्ध होने की असीम क्षमता होती है। विशेष रूप से फिल्म की कथा में मिलकर यह गीत और भी सार्थक हो जाता है। आज से 40 साल पहले आई फिल्म डिस्को डांसर में भी एक गीत था, कोई यहां आहा नाचे-नाचे/ कोई वहां आहा नाचे-नाचे... बप्पी लहरी का संगीत और गायिका उषा उत्थुप की आवाज पर लोग आज भी थिरकते हैं। नातु-नातु को जब सम्मान मिला है, तो सहज ही नाचने के लिए पुकारते अनेक गीतों की याद आ रही है। दुनिया जानती है, संगीत-गीत भारतीय फिल्मों का एक प्रबल पक्ष है और भारतीय स्वभाव से उत्सवधर्मी होते हैं। अत नातु-नातु को मिला सम्मान एक तरह से भारतीय संस्कृति का भी सम्मान है। फिल्म की कथा ब्रिटिश औपनिवेशिक दौर की है, इसलिए पश्चिम इस फिल्म को भले देख ले, सर्वश्रेष्ठ फिल्म का सम्मान शायद ही देगा। लगान में भी ब्रिटिश दौर की कथा थी, वह फिल्म ऑस्कर में काफी ऊंचाई पर जाकर नजरंदाज की गई थी। नातु-नातु की जीत वास्तव में दक्षिण में बन रहे मनोरंजक और प्रयोगधर्मी सिनेमा का भी सम्मान है। दक्षिण भारत के दो सच्चे महानायक, जो अलग-अलग पृष्ठभूमि के थे और कभी परस्पर मिले भी नहीं थे, उन दोनों के मिलने की कल्पना करते हुए आरआरआर की कहानी बुनी गई है, जिसके जादू पर विशाल हिंदी सिनेमा उद्योग भी अचंभित है। नातु-नातु ने फिर थिरकने की सच्ची बुनियाद की याद दिला दी है। गीत-संगीत सिर्फ शोर-शराबा नहीं है, बैठकर सिर्फ अपने प्रिय का इंतजार या 'ब्रेकअप' पर सिर्फ कोसना-कलपना नहीं है। संगीत में नए प्रयोग और भाव की स्पष्टता की जरूरत फिर रेखांकित हुई है। सबसे बड़ी खूबी है कि संगीतकार एम एम कीरावनी का संगीत भाव-भंगिमा में भ्रमित नहीं है, इसलिए उसे आज दुनिया सुन रही है।

> "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर अमिताभ बच्चन तक, सभी खुशी का इजहार कर रहे हैं। स्वाभाविक ही अब ऑस्कर का इंतजार बढ़ गया है। नातु नातु को अभी और भी पुरस्कार मिलने हैं।

## सबसे पहले मनुष्यता का पाठ

भारत आज दुनिया में सर्वाधिक युवाओं वाला देश है। ऐसे में, युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों और सूक्ति-वाक्यों को याद करना बहुत जरूरी है। उनका मानना था, 'कायरों के लिए नहीं, बल्कि सिंह गर्जना करने वालों के लिए यह देश है; संघर्ष जितना बड़ा होता है, सफलता उतनी ही बड़ी मिलती है।' भारत के बारे में उनका दर्शन है, 'जहां निश्छलता ही ईश्वर है; जहां अनियंत्रित ऊर्जा की सुदिशा तय होती है; जहां नर सेवा नारायण सेवा ही नहीं, बल्कि प्रत्येक जीव की सेवा होती है; जहां स्वाभिमान ही स्वतंत्रता है, जहां भ्रातृत्व ही अमर प्रेम है।

स्वामी विवेकानंद के जीवनीकार रोमां रोलां ने लिखा है, 'स्वामी विवेकानंद सा दूसरा होना असंभव है। वह जहां कहीं भी पहुंचे, अद्वितीय रहे।' एक अर्थ में वह इस कलियुग में साक्षात् ईश्वर के प्रतिनिधि थे, क्योंकि सब पर प्रभुत्व ईश्वर की तरह जमा लेना उनके ही बस की बात थी। शिकागो संभाषण के बाद वहां के सबसे बड़े अखबार ने लिखा था, 'जिस देश में धर्म का इतना बड़ा प्रवर्तक और चिंतक हो, उस देश में कोई और विद्वान जाकर धर्म की व्याख्या करे, उसका प्रचार-प्रसार करे, तो यह उसकी सबसे बड़ी मूर्खता होगी।'

स्वामी विवेकानंद का विचार था, भारत केवल बौद्धिक चिंतन तक न रहे, बल्कि व्यवहार के धरातल पर भी मानवीय उत्कर्ष का कार्य करे। उनकी दृष्टि थी कि कोई प्राणी किसी कोटि का हो, उसकी भावना का विस्तार करके उसे उन्नति के मार्ग पर रखा जा सकता है और इस तरह समस्त मानवता का कल्याण किया जा सकता है। स्वामी जी का ध्येय था कि जब भाव भरेंगे, तभी ज्ञान आएगा और जब ज्ञान आएगा, तभी अज्ञानता मिटेगी। स्वामी विवेकानंद का राष्ट्र-दर्शन सिर्फ समृद्ध-संपन्न राष्ट्र का नहीं था, बल्कि एक स्वाभिमानी राष्ट्र का दर्शन था। उनका सांस्कृतिक राष्ट्रवाद समुन्नत भारत की कल्पना करता है। करीब तीन साल तक वह अमेरिका और इंग्लैंड में रहे, लेकिन भारत की तड़पती मनुष्यता की पीड़ा का बोध उनमें सदैव बना रहा। उन्होंने संकल्प लिया था कि जब तक यह समाप्त नहीं होगी, मैं विश्राम और विराम नहीं लूंगा।

एक बार की बात है, पंजाब के कुछ संत उनसे वेदांत पर शास्त्रार्थ करने पहुंचे। स्वामी जी उस समय सूखे से बेहाल जनता की पीड़ा के शमन के उपाय ढूंढ़ रहे थे। कई बार आग्रह करने के बाद जब स्वामी जी से वे लोग हठात् पूछने लगे कि हम आपसे वेदांत पर बात करने आए हैं। आप बात करिए या अपनी पराजय मानिए, तब स्वामी जी ने कहा, 'आप सबको प्यास से मर रहे लोगों की पीड़ा की व्यथा नहीं है और आप वेदांत पर बात करने आए हैं? पहले आप मनुष्यता का वेदांत पढ़िए!'

**आर एन त्रिपाठी, प्रोफेसर, काशी हिंदू विश्व**

## काश्मीर में आक्रमणकारी

भारत के प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आज एक पत्र प्रतिनिधि-सभा में उन घटनाओं का विश्लेषण किया, जिनके कारण भारत को काश्मीर के प्रश्न को संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में भेजने का निर्णय करना पड़ा है। उन्होंने बताया कि इस समय काश्मीर में लगभग 50,000 आक्रमणकारी हैं और लगभग एक लाख आक्रमणकारियों को पाकिस्तान में लड़ाई की शिक्षा दी जा रही है और उन्हें भारत पर आक्रमण के लिए तैयार किया जा रहा है। नेहरू जी ने कहा कि चाहे किसी भी दृष्टि से देखिये, चाहे अन्तर्राष्ट्रीय कानून की कसौटी पर कसिये, चाहे संयुक्त राष्ट्र संघ के अधिकारपत्र को उदाहरण मानकर चलिये, भारत का अपनी रक्षा के लिए आक्रमणकारियों के अड्डों पर आक्रमण करना पूर्ण रूप से न्यायोचित होगा। "ऐसा करना हमारे लिए सदा न्यायोचित रहा है, किन्तु हम उससे अब तक बचते रहे हैं और उस समय तक बचते रहेंगे, जब तक अपने देश के हित के लिए और जो लोग हमसे रक्षा की आशा रखते हैं उनकी रक्षा के लिए हमें आक्रमण करने के लिए विवश न हो जाना पड़े", नेहरू जी ने आगे कहा। नेहरू जी ने बताया कि इसमें सन्देह नहीं कि काश्मीर के हमले में पाकिस्तान का पूरा-पूरा हाथ है, किन्तु अभी यह बात साफनहीं है कि वह आक्रमणकारियों को वश में करने में कहां तक सफल हो पायेगा। घटनाओं का विवरण देते हुए नेहरू जी कहा, "हमने अपनी सेना काश्मीर में 27 अक्तूबर को उतारी।

> "स्वामी विवेकानंद चाहते थे कि पूरी दुनिया में मानवतावाद को बढ़ावा देने में भारतीय युवा बड़ी भूमिका निभाएं। हमारे युवाओं को उनके 'वसुधैव कुटुंबक' को अपनाना चाहिए।

# युवाओं की बेचैनी को मिले सही दिशा

राहुल वर्मा



आज स्वामी विवेकानंद की जयंती है। साल 1984 से ही इसे राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। युवाओं को यह दिन समर्पित करने के पीछे सोच यह थी कि नौजवान स्वामी विवेकानंद की बातें, उनकी जिज्ञासा, चिंतन, ऊर्जा आदि को प्रतिबिंबित करते हैं। विवेकानंद का देहांत महज 39 साल की उम्र में हो गया था और इतनी कम आयु में ही उन्होंने जिस तरह से जनमानस पर अपनी अमिट छाप छोड़ी, वह उन्हें युवाओं का आदर्श बनाता है। यह समझा गया कि विवेकानंद के चिह्नों का अनुसरण करते हुए युवा कहीं अधिक संजीदगी से जीवन में आगे बढ़ सकते हैं, पर आज के भारतीय युवाओं में एक भटकाव दिखता है।

आज का भारत अन्य देशों की तुलना में कहीं अधिक युवा है। दुनिया की औसत आयु 31 साल है, जबकि हमारी 28 साल। यहां तक कि चीन (37 साल), अमेरिका (38 साल), इंग्लैंड (41 साल), जापान (47 साल), जर्मनी (47 साल) जैसे देश भी औसत उम्र में हमसे पीछे हैं। इसी कारण यह बार-बार कहा जाता है कि भारत को अपनी युवा जनसांख्यिकी का लाभांश आने वाले वर्षों में मिल सकता है, लेकिन असलियत में ऐसा होता नहीं दिख रहा। भारतीय युवाओं में आकांक्षाएं तो बहुत बढ़ी हैं, लेकिन उनकी बेचैनी और उत्तेजना को भी हमने अलग-अलग रूपों में महसूस किया है। साल 2016 के बाद देश के अनेक विश्वविद्यालयों (जेएनयू, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद विश्वविद्यालय) के छात्र अलग-अलग कारणों से सड़कों पर उतरे। दलित-हिंसा के सवाल पर ही नहीं, अन्य पिछड़े वर्गों के आरक्षण, एनआरसी-सीएए विरोध, कृषि कानून, अग्निवीर जैसे मसलों पर भी नौजवानों ने आक्रामक प्रदर्शन किए। अभी राहुल गांधी की चल रही 'भारत जोड़ो यात्रा' में भी नौजवानों की अच्छी-खासी भीड़ देखी जा सकती है।

इस बदलते घटनाक्रम को कोविड के दुष्परिणाम या नई बनी राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक व्यवस्था से जोड़कर देखा जा सकता है, पर इसका सबसे बड़ा कारण है वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुस्ती और पूरी दुनिया में बढ़ता राजनीतिक व सामाजिक ध्रुवीकरण। आज भले ही स्टार्टअप और यूनिकॉर्न की संख्या बढ़ रही है, लेकिन युवाओं का एक बड़ा वर्ग अपने आर्थिक भविष्य को लेकर संतुष्ट नहीं है। वह तमाम तरह की आशंकाओं से घिरा हुआ है। तेजी से बदलते राजनीतिक घटनाक्रम भी युवाओं में अकुलाहट बढ़ा रहे हैं।

यह बात सही है कि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय राजनीति में नौजवानों की सहभागिता बढ़ी है। पहले युवाओं का मतदान प्रतिशत तुलनात्मक रूप से कम रहता था, लेकिन पिछले दो आम चुनाव बताते हैं कि नौजवान अब मतदान-केंद्रों पर पहुंचने लगे हैं। पंचायत व शहरी निकाय चुनावों में तो इनकी भागीदारी काफी बढ़ी है और सियासी जंग के मैदान में कई युवा प्रत्याशी अपना भाग्य आजमाने लगे हैं। मगर राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी तस्वीरों का फिलहाल अभाव है। नौजवानों के लिए पंचायत से संसद तक का रास्ता अभी तैयार नहीं हुआ है। स्थिति यह है कि विधानसभा या लोकसभा में 40 साल से कम उम्र के विजेता प्रत्याशी बहुत कम नजर आते हैं। जो प्रत्याशी विधानसभा या लोकसभा की दहलीज तक पहुंचते भी हैं, तो उनके पास आमतौर पर एक राजनीतिक विरासत होती है। बिना ऐसी पृष्ठभूमि से चुनावी टिकट हासिल करना और जीतना काफी मुश्किल माना जाता है। एक युवा देश में युवाओं की सक्रियता इतनी कम हो, तो यह शोचनीय विषय है। इस कमी से हमें जल्द ही पार पाना होगा।

दिक्कत यह है कि पिछले कुछ दशकों में अपने यहां 'कैंपस पॉलिटिक्स' की धार कुंद हो गई है। अब विश्वविद्यालयों में ऐसी राजनीति नहीं होती कि उसमें देश व समाज के प्रति चिंतन दिखे। आक्रामकता और 'पावर पॉलिटिक्स' छात्र राजनीति की पहचान बन गई हैं। ज्यादा पीछे न भी जाएं, तो दो-तीन दशक पहले तक विश्वविद्यालयों में इस तरह की राजनीति होती थी, जिसमें देश-दुनिया को नई दिशा देने की झलक दिखती थी। हम चाहें, तो मुख्यधारा की राजनीतिक पार्टियों पर इसका दोषारोपण कर सकते हैं, लेकिन सच यह है कि शिक्षा-व्यवस्था में एक खोखलापन आ गया है। अब विश्वविद्यालयों में छात्रों से संवाद नहीं होता और वहां व्यक्ति-निर्माण को तवज्जो नहीं दी जा रही है। इस संदर्भ में शिक्षा-व्यवस्था आज अपनी भूमिका निभा पाने में विफल दिख रही है।


इसका यह मतलब कतई नहीं कि राजनीतिक ह्रास में युवाओं का अपना दोष कम है। लोकनीति-सीएसडीएस के सर्वे बताते हैं कि युवा आज भी रूढ़ियों में अटके हुए हैं। उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अभाव है। वे पितृसत्तात्मक समाज को ही पसंद करते हैं और महिलाओं को पूरी बराबरी नहीं देना चाहते। किस तरह से समान और समतामूलक समाज की स्थापना की जाए, इस सवाल पर भी उनका रवैया अनुदार है। वे आज भी जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा आदि के आधार पर भेदभाव करते हैं। यह स्थिति तब है, जब उनसे उदार और आधुनिक होने की अपेक्षा कहीं अधिक की जाती है। लोकनीति-सीएसडीएस के सर्वेक्षण यह भी बताते हैं कि भारतीय युवा बेशक आधुनिक जीवनशैली पसंद करते हैं, लेकिन विचारों में अब भी संकीर्णता ओढ़े हुए हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण के बजाय वे मिथकों पर भरोसा करते हैं, जिसकी तस्दीक 'वाट्सएप यूनिवर्सिटी' पर बढ़ते विश्वास से भी होती है।

सवाल यह है कि इस सूरते-हाल में क्या किया जाए? आज भारत अपनी आजादी के 75 साल पूरे कर चुका है, और 100वें वर्ष की ओर बढ़ चला है। अगर हम 'नया भारत' का सपना साकार करना चाहते हैं और वैश्विक मंचों पर एक सुदृढ़ भारत देखना चाहते हैं, तो हमें स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात करना होगा। 1893 में शिकागो की धर्म संसद में विवेकानंद ने धार्मिक सद्भाव की बात कही थी। जातीय-धार्मिक उन्माद और कट्टरता में फंसे आज के भारतीय नौजवानों को विवेकानंद का वह भाषण बार-बार सुनना चाहिए और उसे अपने जीवन में उतारना चाहिए। विवेकानंद इस बात के हिमायती थे कि पूरी दुनिया में मानवतावाद को बढ़ावा देने में भारतीय नौजवान बड़ी भूमिका निभाएं। वह आध्यात्मिक बातों में रुचि रखते थे, फिर भी राष्ट्रप्रेम की वकालत करते थे। आज के युवाओं को भी उसी वसुधैव कुटुंबकम् को अपनाना चाहिए, जिसका खाका विवेकानंद ने शिकागो में खींचा था।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता की अगुवाई में भविष्य के लिए रहिए तैयार

विद्या महांबारे



कोड करने की क्षमता आज एक श्रेष्ठतम कौशल है, पर कल की मुख्य दक्षताओं या कौशलों के लिए अलग-अलग अभिरुचि व प्रशिक्षण की जरूरत पड़ेगी। मूल कोडिंग और प्रोग्रामिंग की तुलना में कुशलता, समेकित सोच व अभिव्यक्ति कहीं अधिक मूल्यवान व आवश्यक बन जाएगी। समय के साथ मानविकी की मांग बढ़ेगी। अकादमिक विषयों के रूप में मानविकी को हीन या फैशन से बाहर नहीं माना जाएगा। ऐसा भारत और विदेश के शीर्ष कॉलेजों में पहले से ही होने लगा है। महान ज्ञानी मशीनों तक पहुंच रखने वाले लोगों और युवाओं के लिए खुद को विशेषज्ञ या बुद्धिजीवी के रूप में स्थापित करना कठिन होता जाएगा।

ये बातें सामान्य सी लग सकती हैं, पर बदलाव रातोंरात न सही, अपेक्षाकृत तेजी से होगा। चौथी औद्योगिक क्रांति हमारे जीने और काम के तरीके में बुनियादी बदलाव लाएगी, ऐसा होने भी लगा है। नवंबर महीने में चैटजीपीटी की शुरुआत बदलाव की एक झलक है। जीपीटी या जनरेटिव प्रीट्रेंड ट्रांसफॉर्मर, एक अत्याधुनिक भाषा प्रसंस्करण कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) मॉडल है। यह कोडिंग सहित कई सरल और जटिल कार्यों के लिए इंसान जैसे आउटपुट या नतीजे देता है। एआई, रोबोटिक्स और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) का इस्तेमाल करने वाली ऐसी तकनीकों का विकास आने वाले समय में हमारे काम करने के तरीकों को बदल देगा। इन तकनीकों को माइक्रोसॉफ्ट जैसे रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले सॉफ्टवेयर में शामिल कर लिया जाएगा।

तेजतर्रार तकनीकी सुधारों के साथ एआई के अगले संस्करणों के इस्तेमाल की लागत कम हो गई है, जिससे वे लोगों को ज्यादा सुलभ होने लगे हैं। इन तकनीकों का प्रभावी इस्तेमाल करने वालों की उत्पादकता बढ़ेगी। मिसाल के लिए, चैटबॉट से गुणवत्तापूर्ण नतीजे या आउटपुट लेने के लिए अच्छे से संकेत या निर्देश देना महत्वपूर्ण है। यह जानना महत्वपूर्ण हो जाएगा कि क्या पूछना है और कैसे पूछना है। ऐसी कई प्रौद्योगिकियां हैं, जो परस्पर संवाद कर सकती हैं, जबकि हमें यह जानने की जरूरत है कि इसे कैसे व्यवस्थित किया जाए।

मनमाफिक इस्तेमाल के लिए तमाम उपलब्ध तकनीकों को एकीकृत करने के लिए उच्चस्तरीय कोडिंग जानना कारगर होगा। एआई तकनीक पिछले डाटा या आंकड़े के आधार पर काम करती है और इसे लगातार अपडेट किया जाता है। हालांकि, अभी यह नहीं बताया जा सकता कि क्या बड़े बदलाव होने वाले हैं, पर जो लोग इसे महसूस कर सकते हैं, उन्हें आने वाले समय में प्रमुखता मिलेगी। चूंकि यह ज्ञान अनुभव और अभ्यास से आता है, इसलिए खुद को कुशल न बनाने वाले युवा घाटे में रहेंगे। भविष्य में जीपीटी मॉडल इंसानों की तरह लेखन में महारत हासिल कर लेंगे, यह बताना मुश्किल हो जाएगा कि किसी सामग्री को मशीन ने लिखा है या व्यक्ति ने। असली आवाज के साथ जीवंत डिजिटल अवतारों की भी उम्मीद है, लेकिन एआई आमने-सामने के संवाद में इंसान की जगह नहीं ले सकता। सीधे संवाद और सम्मेलनों में निवेश को फिर से महत्व मिलेगा। अर्थशास्त्री टायलर कोवेन ने अपने हालिया ब्लॉग पोस्ट में पहले ही इस ओर इशारा किया है।

जैसे-जैसे प्रत्यक्ष आयोजन फिर प्रमुखता पाएंगे, महिलाओं का एक समूह शायद वंचित हो सकता है। पिछले कुछ वर्षों में जूम जैसी तकनीकों ने महिलाओं को कार्य से संबंधित यात्रा से बचाकर लाभ पहुंचाया है। हालांकि, ऐसी महिलाओं को भी भविष्य में फायदा होगा। वे सॉफ्ट स्कील या सहज कौशल में स्वाभाविक ही बेहतर हैं। जैसे-जैसे कार्य स्वचालित होते जाएंगे, वैसे-वैसे सॉफ्ट स्किल्स की मांग बढ़ती जाएगी।

हां, आने वाले समय में साहित्यिक चोरी का पता लगाना अधिक समय लेने वाली और निरर्थक प्रक्रिया बन जाएगी। पूरे देश में स्कूल और कॉलेज व्यवस्था को लचीला बनाना होगा। उदाहरण के लिए, कंप्यूटर विज्ञान को मनोविज्ञान, व्यावसायिक अध्ययन और गणित के साथ लेना संभव हो जाना चाहिए। अभी ऐसा नहीं है। एक बात तय है कि काम का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। आज के विजेताओं से अलग होंगे कल के विजेता, तो एक नए भविष्य के लिए तैयार हो जाइए।

**(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

# 'बेशर्म रंग' की राजनीति

सुधीश पचौरी



'हमें तो लूट लिया मिलके इश्क वालों ने..बेशर्म रंग कहां देखा दुनिया वालों ने..।' ये इस गाने की निरी 'मिसोजिनिस्टक सेक्सिस्ट' लाइनें हैं। इससे पहले जो दो लाइनें गाई जाती हैं, वे शायद स्पेनिश में हैं, जो कहती दिखती है कि 'आज की रात जिदंगी पूरी है..।' जिस गाने की धुन के साथ इसे 'फ्यूज' किया गया है, वह 1958 की फिल्म 'अल हिलाल' में कव्वाल इस्माइल आजाद और उनकी टीम की गाई कव्वाली है, जो इस प्रकार है 'हमें तो लूट लिया मिलके हुस्न वालों ने/काले-काले बालों ने गोरे-गोरे गालों ने'-यहां सिर्फ 'हुवालों की बेवफाई' की शिकायत है 'पठान' वाली नंगई जरा भी नहीं।

यह गाना किसी छोटे 'ऐश-जजीरे' पर फिल्माया गया है, जिसके चारों ओर 'बे वाच' वाला समुद्र है, जिसमें नावें तैरती हैं। जजीरे पर बहुत सी सुंदरियां विविध रंगों की बिकिनियों में बालू पर धूप सेंकती हैं। गाने में कैमरा दीपिका पर फोकस्ड है। वह एक झूले पर 'लॉन्ग बिकिनी' में शरीर को सेक्सीले ढंग से तोड़ते-मरोड़ते हुए इस गाने को शुरू करती है, और दूर खड़े शाहरुख खान को निहारती है। शाहरुख खान उर्फ 'पठान' धूप का चश्मा पहने दीपिका को देखता है, और अपने 'सिक्स पेक ऐब्स' दिखाता मुस्कुराता है। कैमरा फिर मटकती-थिरकती दीपिका पर आता है। गाने के दौरान तीन चार बार वह बिकिनी बदलती है। पीले और नीले काले रंग की बिकिनियों में 'विपरीत रति' एक्ट करती दिखती है, फिर भगवा रंग की लॉन्ग बिकिनी में, काला कोट पैंट पहने खड़े शाहरुख से लिपटती हुई 'सेक्स एक्ट' करने का अभिनय करती है।

बहुत से हिंदुओं को भगवा रंग की बिकिनी पहन कर ऐसा एक्ट करने पर आपत्ति है। उनको लगता है कि यह गाना हिंदुओं के लिए पवित्र रंग 'भगवा' को सेक्सोन्मादी रूप में दिखाकर उनकी भावनाओं को चोट पहुंचाता है। वे मानते हैं कि यही 'बेशर्म रंग' की राजनीति है। यह गाना 'भगवा' को भी 'बेशर्म रंग' बताता है! कुछ मानते हैं कि चूंकि हिंदू सहनशील हैं, इसलिए ये ऐसा अक्सर करते रहते हैं। अब हम भी सहने वाले नहीं और अगर फिल्म ऐसी ही रही तो हम उसे चलने भी नहीं देंगे..। यही चिह्नों की राजनीति है, जो बड़ी बारीक है। 'पठान' फिल्म के विरोध से उठे विवाद में ऐसे ही तर्क सामने आए हैं जिनके जवाब में फिल्म के पक्षधर कहते हैं कि यह 'कला की आजादी' पर आघात है, कि 'जिसे देखना हो देखे, नहीं तो न देखे' लेकिन फिल्म के 'बॉयकाट' की मांग क्यों? ऐसे पक्षधरों को समझना होगा कि पिछले बरसों में कुछ फिल्मों या विज्ञापनों के संदर्भ में कुछ हिंदू समूहों ने जो कुछ आपत्तियां की हैं, प्रदर्शन किए हैं, 'बॉयकाट' का नारा दिया है, सिनेमा हॉलों में तोड़फोड़ तक की है, उसके कारण सिर्फ राजनीतिक न होकर सांस्कृतिक भी हैं। इसीलिए 'कलात्मक आजादी' का तर्क अब नहीं चलता दिखता।

ऐसे में कुछ कठिन सवाल पूछा जाना जरूरी है जैसे कि ऐसी फिल्में ही क्यों बनाई जाती हैं, जिनमें सेक्स के साथ-साथ प्रच्छन्न धार्मिक प्रतीकों का तड़का भी होता है? दोनों सवालों का जवाब हमारे बॉलीवुड के 'खाड़ी कनेक्शन' और 'साझी कल्चर' की अवधारणा में खोजा जा सकता है। सब जानते हैं कि बॉलीवुड की फिल्में शुरू से एक 'हाइब्रिड कल्चर' को बनाती-बेचती आई हैं, और इस तरह की 'साझी कल्चर' का सबसे बड़ा मारकेट खाड़ी देश हैं। लेकिन यह जमाना 'ग्लोबल' और 'ऑनलाइन' मारकेट का है, बल्कि 'अस्मितामूलक राजनीति' का भी है, जहां हर समुदाय अपने अस्मिता 'चिह्नों' को देखता-दिखाना चाहता है, 'अन्य अस्मिताओं' से चिढ़ता है।

इसी से स्पष्ट है कि फिल्मों को देखने वाले 'दर्शक समाज' की नजरें तो बदल गई हैं जबकि बॉलीवुड नहीं बदला है। वह उसी पुराने तरीके से 'हिंदू-मुस्लिम' करता रहता है जबकि जमीन पर 'साझी कल्चर' की रोज ऐसी की तैसी होती नजर आती है, और उसकी जगह भी 'एक्सक्लूसिव कल्चर' लेने लगी है। ऐसे में फिल्म बनाने वाला अपने तरीके से फिल्म बनाकर धंधा करना चाहेगा तो दर्शक का अस्मितावादी नजरिया 'चिह्नों की राजनीति' को फौरन पकड़ लेगा और विवाद पैदा हो जाएगा। बॉलीवुड को समझना होगा कि आज का फिल्म दर्शक पुराना 'भोलभाला' दर्शक नहीं है, बल्कि 'अस्मितावादी' हो चुका है जबकि बॉलीवुड नहीं बदला है। आज का दर्शक फिल्मों के 'चिह्नों' को पढ़ता है, और जरा भी इधर-उधर होने पर हल्ला मचाने लगता है। जब दर्शक बदल जाते हैं, तो नाटक को भी बदलना होता है। इसलिए अब बॉलीवुड को भी बदलना होगा।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## जल्द ही शुरू होंगे एक्सप्रेस-वे, गोगांव अंडर ब्रिज एवं तेलधानी ओवर ब्रिजः ताम्रध्वज साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज राजधानी रायपुर के विभिन्न इलाकों में निर्माणाधीन ब्रिज, रेलवे अंडर ब्रिज और एक्सप्रेस-वे का सघन निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। श्री साहू ने कहा कि अधिकारी निर्माण कार्यों की सतत निगरानी करें। लोक निर्माण मंत्री श्री साहू ने आज रायपुर के गोगांव अंडर ब्रिज एवं तेलघानी नाका के पास के बन रहे ओवर ब्रिज तथा एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण किया।



उन्होंने ब्रिज निर्माण से संबंधित अधिकारियों से कहा कि रेलवे से समन्वय कर कार्य समय पर पूर्ण करें। मंत्री श्री साहू ने एक्सप्रेस-वे और ब्रिज निर्माण से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शेष बचे कार्यों को त्वरित गति से पूरा करें ताकि इसका शीघ्र लोकार्पण हो सके और आम नागरिकों को इन क्षेत्रों में सुविधाजनक यातायात का लाभ मिल सके।

लोक निर्माण मंत्री श्री साहू ने बताया है कि रायपुर स्टेशन से शदाणी दरबार तक बनी एक्सप्रेस-वे सड़क सहित सभी ब्रिज संबंधित कार्य अब पूर्णता की ओर है। बीते वर्षों में कोरोना महामारी की विषम चुनौतियों के कारण विकास कार्यों में तोड़ा विलंभ अवश्य हुआ था लेकिन अब ये कार्य पूर्ण होने के करीब हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 से 2023 तक मैंने एक्सप्रेस-वे सहित सभी ब्रिज संबंधित कार्यों का लगातार निरीक्षण किया है और अधिकारियों को इनके संबंधित कार्यों में प्रगति लाने और गुणवत्तामूलक कार्य करते हुए सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश देता रहा हूं।

श्री साहू ने कहा कि इस दौरान निर्माणाधीन गोगांव और डीआरएम ऑफिस अंडर ब्रिज कार्य की धीमी प्रगति पर पुराने ठेकेदार का टेंडर निरस्त किया गया और नए सिरे टेंडर प्रक्रिया पूरी कर विकास कार्यों को आगे बढ़ाया गया ताकि लोगों को जाम की समस्या से निजात मिले और लोगों को सुगम यातायात का लाभ मिल सके। लोक निर्माण मंत्री ने कहा है कि वर्तमान स्थिति में गोगांव अंडर ब्रिज एवं तेलघानी नाका ओवर ब्रिज में इलेक्ट्रिकल और सौंदर्यीकरण कार्य पूर्णता की ओर है और शीघ्र ही इसे शहर वासियों के लिए प्रारम्भ कर दिया जायेगा। इसके साथ ही साथ ही अगले कुछ महीनों में फाफाडीह डीआरएम ऑफिस अंडर ब्रिज का कार्य पूर्ण होते ही उसे भी शहर वासियों के लिए प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

निरीक्षण के दौरान संसदीय सचिव विकास उपाध्याय एवं संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा देशवासियों के जख्मों पर मरहम -कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने 117 दिन पूरे कर लिये है। यात्रा पंजाब पहुंच चुकी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि दक्षिण भारत कन्याकुमारी से चली यह यात्रा अपने मुकाम की ओर आगे बढ़ती जा रही है। 10 राज्यों को यात्रा पहुंच चुकी है देश भर से लाखों लोग यात्रा में शामिल हो चुके है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा देशवासियों के जख्मों पर मरहम है।

जिन 10 राज्यों से गुजरी वहां के नागरिकों ने महंगाई, बेरोजगारी, भुखमरी, किसानों की बदहाली जैसे मुद्दो पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के द्वारा चलाई जा रही मुहिम को पूरा समर्थन दिया। लोग राहुल गांधी से मिलने के लिये उतावले रहते थे। हजारो लोग पैदल चलते तथा रास्ते में, घरों की छत पर खड़े होकर स्वागत करने को तत्पर रहते है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा से देश के आम आदमी की समस्याओं को आवाज दे रहे है। देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्या, सामाजिक वैमनस्यता के खिलाफ देश की जनता में जनजागरण पैदा कर रहे। भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से लेकर पंजाब तक भारत के जनमन में रच बस गयी है। सारा भारत अपनी तकलीफों के निदान को लेकर एकजुट हो गया है। भारत जोड़ो यात्रा देश के लोगो मे उम्मीद की नई किरण जगा रही। राहुल गांधी प्रेम उम्मीद और सद्भावना के नये बीज बोते चल रहे है। देश की जनता राहुल गांधी की पदयात्रा को हाथों हाथ ले रही है। राहुल गांधी की पदयात्रा से विघटनकारी ताकतों के हौसले पस्त हुए है। देश के लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है कि अराजक तत्व भारत की अनेकता में एकता के मूल मंत्र के सामने घुटने टेकने को विवश हुए है। यह राहुल गांधी की यात्रा की बड़ी सफलता है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा की देश की एकता, अखण्डता, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है। जनाधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी आजादी के पहले से ही सत्याग्रह को एक मजबूत हथियार मानती है और भारत जोड़ो पदयात्रा आजादी के बाद देश का सबसे विशाल और परिवर्तक सत्याग्रह साबित होगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने देश में सत्याग्रह के द्वारा जनता के महत्वपूर्ण मसलों को हल किया है। यह सत्याग्रह उस विचारधारा को उखाड़ फेंकेगा जो मृत्यु के समय भी राम का नाम लेने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे को आदर्श मानता है।

आज बर्बादी और वैमनस्यता की ओर बढ़ते देश को भारत जोड़ो पदयात्रा की जरूरत है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि देश के वर्तमान हालात में जब क्षेत्र धर्म सांप्रदायिकता के नाम पर देश की सत्ता में बैठे हुये लोग राजनीति कर रहे है वैसे में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा देश के लोगों के सामने एक नई उम्मीद लेकर सामने आई है।

## खास खबर

### इंस्पायर अवार्ड मानक की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 18 और 19 को दुर्ग में

**रायपुर।** इंस्पायर अवार्ड मानक की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन 18 एवं 19 जनवरी को खालसा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग में किया जाएगा। प्रतियोगिता में जिला स्तर पर चयनित 3552 प्रतिभागियों में से चयनित 241 प्रतिभागियों द्वारा तैयार मॉडल, प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में राज्य स्तर पर चयनित मॉडल, प्रोजेक्ट के लिए 19 और 20 जनवरी को राष्ट्रीय नवप्रवर्तक प्रतिष्ठान अहमदाबाद के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में चयनित प्रतिभागियों के लिए दो दिवसीय मेंटरशीप प्रोग्राम का आयोजन भी किया जा रहा है। इसमें एनआईटी, आईआईटी, आईआईआईटी के विशेष-विशेषज्ञों, प्रोफेसर द्वारा चयनित प्रतिभागियों को उनके प्रोजेक्ट, मॉडल, आइडिया को और अधिक बेहतर और उपयोगी बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। राज्य स्तर पर चयनित प्रोजेक्ट, मॉडल, आइडिया को बेहतर बनाने डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी (डी.एस.टी.), नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन (एन.आई.एफ) द्वारा प्रतिभागियों द्वारा आवश्यक धन राशि भी उपलब्ध करायी जाती है। राज्य स्तर पर चयनित होने वाले प्रोजेक्ट, मॉडल, आइडिया का प्रदर्शन राष्ट्र स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता में किया जाएगा। संचालक लोक शिक्षण सुनील कुमार जैन ने प्रतियोगिता आयोजन के संबंध में संचालनालय में बैठक लेकर जिलों से आए इंस्पायर आवार्ड मानक के जिला नोडल अधिकारियों को मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा सत्र 2023-24 में इंस्पायर अवार्ड मानक में पंजीयन के लिए 90 हजार का लक्ष्य निर्धारित कर लक्ष्य का आपूर्ति के लिए रणनीति बनाकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि सत्र 2022-23 में नई दिल्ली के प्रगति मैदान में इंस्पायर अवार्ड मानक की 9वीं राष्ट्र स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता 2020-2021 के आयोजन में छत्तीसगढ़ राज्य के राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में चयनित 27 प्रतिभागी सम्मिलित हुए।

### मगरलोड में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व का प्रारंभ होगा लिंक कोर्ट, करेलीबड़ी को मिलेगा उप तहसील का दर्जा

## जनता से किया वादा पूरा कर रही है राज्य सरकार

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में धमतरी जिले के सिहावा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खिसोरा पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां ग्रामीणों से सीधे चर्चा कर राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमने आम जनता से जो वायदा किया था, उसे पूरा कर रहे हैं। मैं आपसे मिलने और आपका हालचाल जानने खिसोरा आया हूं। उन्होंने कहा कि धमतरी धान व अनाज का सबसे ज्यादा उत्पादन करने वाला जिला है। यहां सबसे ज्यादा राइस मिल है।



मुख्यमंत्री ने किसान हितैषी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार बनते ही सबसे पहले हमने किसानों की ऋण माफी की। छत्तीसगढ़ सबसे पहला राज्य है जहां किसानों को समर्थन मूल्य और इनपुट सब्सिडी मिलाकर धान की प्रति क्विंटल 2500 कीमत मिल रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक राजीव गांधी किसान न्याय योजना की 3 क़िस्त दी जा चुकी है, चौथा क़िस्त 31 मार्च के पहले दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से धान खरीदी, बारदाना, तौलाई, धान के उठाव और पेमेंट की जानकारी ली। हमने जो भी वायदा किया है वो सब पूरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने 1 परिवार को 35 किलो चावल देने का फैसला किया। अब सभी का राशन कार्ड बन रहा है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से राशन कार्ड की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने इसके पहले कार्यक्रम स्थल में छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र में पुष्प अर्पित कर राज्यगीत के साथ भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव भी उपस्थित थीं।

### शोभाराम ने किस्त की राशि से बनवाया अपना मकान

भेंट-मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से पूछा किसका-किसका ऋण माफ हुआ। जवाब में सैकड़ों ग्रामीणों ने हाथ उठाकर कहा हां। ग्राम चन्ना के शोभाराम साहू ने बताया कि उनकी 3 एकड़ जमीन है, 50 हजार ऋण माफ हुआ, राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तीसरे क़िस्त की राशि का घर बनाने में उपयोग किया। अपने नाती का नामकरण संस्कार किया। उन्होंने धान खरीदी की तारीफ करते हुए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा अन्नदाता प्रसन्न हैं।

### पहले त्यौहार में साहूकार के पास जाते थे, अब बैंक जाते हैं

ग्राम खिसोरा के कमलेश निषाद ने बताया कि उनकी सवा 4 एकड़ जमीन है। उनका 49 हजार ऋण माफ हुआ। धान बेचने के 2 दिन में ही पैसा खाते में आया। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से मिले राशि से सुपर स्पलेंडर गाड़ी खरीदी। अपने ससुराल जाकर अपनी नई गाड़ी का उद्घाटन किया। कमलेश ने कहा राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसानों को लाभ हुआ। त्यौहार में साहूकार के पास जाते थे अब बैंक जाते हैं। प्यारेलाल ने बताया कि उन्हें राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने इस योजना की तारीफ की। ग्राम खिसोरा के सोमेश कुमार यादव ने बताया कि उन्होंने 215 क्विंटल गोबर बेचा, 65 हजार मिला। पैसा से बच्चो की पढ़ाई कराई और गोधन न्याय योजना की तारीफ की। महिला समूह की सदस्य ने बताया कि वर्मी कंपोस्ट निर्माण कर उनके समूह ने 02 लाख की आय अर्जित की। कृष्ण कुमार ने गोबर बेचकर 57 हजार 770 रुपये कमाया। गोबर बेचकर घर बनाया और स्वास्थ्य खराब होने पर राशि का उपयोग इलाज करवाने में किया। रूखमणी ने बताया कि डॉक्टर हाट बाजार मुफ्त में इलाज करते हैं। साल भर से इलाज करा रही हूं। रूखमणी ने योजना की तारीफ की। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना, विशेष स्वास्थ सहायता योजना और वनाधिकार पट्टा की भी जानकारी ली। विमल नेताम ने बताया कि उन्हें 1 एकड़ 60 डिसमिल का पट्टा मिला है। पट्टा में धान भी बेचता हूं।

विमल नेताम ने बताया कि उनके ग्राम पंचायत के आश्रित गांव में गौठान नही है। उन्होंने आवर्ती चराई बनाने की बात कही। विमल नेताम ने निवेदन किया कि 1 एकड़ में 15 क्विंटल के जगह 20 क्विंटल की खरीदी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि उनकी मंशा है कि वे किसानो से 1-1 दाना धान खरीदे और रबी फसल का भी धान खरीदे। सरप्लस धान का एथेनाल बनाने की अनुमति भारत सरकार से मिलने पर 1-1 दाना धान खरीदेंगे और दोनों सीजन का। मुख्यमंत्री ने जाति प्रमाण पत्र बनाने की जानकारी ली। शुभम ने बताया कि जाति प्रमाण पत्र नहीं बन रहा। जमीन का रिकॉर्ड नहीं है जिसके कारण दिक्कत हो रहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत प्रस्ताव कराकर नियमानुसार कार्यवाही करें। राजीव गांधी युवा मितान क्लब के रामकृष्ण साहू ने बताया कि 40 सदस्य है, जिसमे 12 महिला है। इस योजनांतर्गत मिले पैसे से खेल-कूद कराया, वृक्षारोपण, ग्राम का विकास, पंचायत का सहयोग करते हैं। योजना बहुत अच्छी है, योजना की तारीफ की।

### खिसोरा में मुख्यमंत्री ने की अनेक घोषणाएं

मुख्यमंत्री ने ग्राम खिसोरा में ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की मांग पर अनेक घोषणाएं की। उन्होंने मगरलोड में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व का सप्ताह में दो दिन लिंक कोर्ट प्रारंभ करने, करेलीबड़ी को उप तहसील का दर्जा देने, खिसोरा में हाई स्कूल के निर्माण, खिसोरा के बस्तीपारा में नवीन प्राथमिक शाला भवन के निर्माण, खिसोरा बाला तालाब के सौन्दर्यीकरण, खिसोरा में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति हेतु नए भवन, ग्राम पंचायत मोतिमपुर में सामुदायिक भवन के निर्माण, सिंगपुर क्षेत्र के बुढ़ीगढ़ पर्यटन स्थान में सोलर ड्यूल पंप की होगी स्थापना, ग्राम पंचायत सिंगपुर में देवगुड़ी निर्माण व मरम्मत कार्य और खिसोरा मैदान में मिनी स्टेडियम की घोषणा की।

## ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) एवं ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के संयुक्त कार्यक्रम के तहत् ऊर्जा संरक्षण सप्ताह 2022 का आयोजन 08 से 14 दिसंबर 2022 तक किया गया था। जिसके तहत् जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा चयनित विद्यालयों में ऊर्जा संरक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम के तहत् विद्यार्थियों के मध्य चित्रकारी एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं द्वारा बढ़-चढकर हिस्सा लिया गया। जिसमें स्लोगन प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को 3000 प्रथम, 2000 द्वितीय, 1000 तृतीय एवं चित्रकला प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को 5000 प्रथम, 3000 द्वितीय, 2000 तृतीय पुरस्कार नगद दिया गया है। विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम 11 जनवरी 2023 को संभागीय कार्यालय, क्रेडा, दुर्ग में विजय साहू जी सदस्य क्रेडा, रायपुर के माध्यम से वितरित किया गया।

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में धर्मराज शर्मा अध्यक्ष गांधी विचार यात्रा (छ.ग.), भानुप्रताप अधीक्षण अभियंता, टी.आर. ध्रुव जिला प्रभारी, क्रेडा, दुर्ग, वर्षा बघेल सहायक अभियंता, नितेश बंछोर सहायक अभियंता, हरीश वास्तव उप-अभियंता, हेमराज बंजारे उप-अभियंता, यामिनी देवांगन उप-अभियंता, रोहित साहू, विक्की चौधरी उप-अभियंता, सभी विजेता विद्यार्थियों के शिक्षकगण, पालक एवं क्रेडा विभाग के समस्त स्टॉफ भी मौजूद रहे।

### छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में जिले के ग्रामीणों ने दिखाया राजधानी में अपना हुनर

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2022-23 बलबीर सिंह जुनेजा स्टेडियम रायपुर में समापन समारोह सम्पन्न हुआ। कलेक्टर संजीव झा के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में जिले से 67 प्रतिभागी सहित अधिकारी, कर्मचारियों एवं अभिभावकों सहित 91 लोगों के संयुक्त दल ने भाग लिए। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोरबा के संयुक्त नेतृत्व में दल छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा में भाग लिया।










## खास खबर...

### वाटरशेड योजनांतर्गत सचिव माईक्रोवाटरशेड भर्ती हेतु आवेदन पहुंचने की अंतिम तिथि 25 जनवरी

**रायपुर।** वाटरशेड योजनांतर्गत माईक्रोवाटरशेड कमिटी अड़सेना- 1, अड़सेना- 2 बंगोली, पिकरीडीह, बरौंडा, गनियारी, माठ एवं मुड़पार-1 में सचिव माईक्रोवाटरशेड (संविदा) की कुल 08 पद अनारक्षित हेतु विज्ञापन कार्यालय उप संचालक कृषि रायपुर द्वारा जारी किया गया है। रिक्त पद की अधिक जानकारी हेतु रायपुर जिले की ऑफिसियल Website Raipur.gov.in में जाकर विज्ञापन एवं आवेदन प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पहुंचने की अंतिम तिथि 25 जनवरी 2023 है। आवेदन करने हेतु वांछित प्रमाण पत्र एवं अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति निर्धारित आवेदन के साथ 25 जनवरी शाम 5 बजे तक पंजीकृत डाक एवं स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय उप संचालक कृषि जिला रायपुर, कलेटोरेट कैम्पस, पिन कोड 492001 में आवेदन कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

नए वर्ष में 1348 किमी लंबी 553 सड़कों के नवीनीकरण के कार्य स्वीकृत

# एडीबी के निर्माण कार्यों के प्रति लापरवाही पर होगी कार्रवाई, अधिकारी करें नियमित निरीक्षणः ताम्रध्वज साहू

### लोक निर्माण विभाग के कार्यों की विभागीय मंत्री ने की समीक्षा, गुणवत्ता पर ध्यान देने के निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने नए वर्ष पर प्रदेशवासियों को तोहफा देते हुए राज्य भर की 1348 किमी लंबी 553 सड़कों के नवीनीकरण के कार्यों की स्वीकृति प्रदान की है। श्री साहू ने रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रदेश में सड़कों की गुणवत्ता पर ध्यान देने करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। श्री साहू ने एडीबी के निर्माण कार्यों पर विशेष ध्यान केंद्रित करने की बात करते हुए कहा कि लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

समीक्षा बैठक में श्री साहू ने सीजीआरडीसी को निर्देशित करते हुए कहा कि वो कार्यों का समय पर भुगतान करे एवं ठेकेदारों का नियमित रूप से भुगतान करते रहें ताकि विकास कार्य सुचारू रूप से चलते रहें। नई सड़कों के निर्माण, मरम्मत एवं नवीनीकरण के बारे में निर्देश देते हुए श्री साहू ने कहा है कि सड़कों की गुणवत्ता, फुटपाथ से उनकी कनेक्टिविटी एवं दुर्घटना से बचने के लिए जरूरी ट्रेफिक सिग्नल्स का निर्माण कराने के साथ ही आवश्यक जगहों पर स्पीड ब्रेकर का निर्माण कराएं।

लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि राज्य की जनता को सुगम यातायात सुविधा प्रदान करने के लिए इमानदारी से काम करें और समय पर निर्माण कार्यों को पूर्ण कराएं। समीक्षा बैठक में संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, लोक निर्माण विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, लोक निर्माण विभाग के चीफइंजीनियर केके पीपरी समेत अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## यातायात पुलिस तथा परिवहन विभाग के अधिकारियों का सड़क सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण संपन्न



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** ''सड़क सुरक्षा में सीएमवीआर और सीएमवीए की भूमिका'' विषय पर एशियाई परिवहन विकास संस्थान तथा अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) द्वारा सुरक्षित परिवहन के विभिन्न पहलुओं पर अध्ययन हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इसके तहत राजधानी रायपुर स्थित पुलिस ट्रांजिस्ट मेस परिसर में 09 से 11 जनवरी तक आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ यातायात पुलिस तथा परिवहन विभाग के राज्य भर से चुनिदा 50 अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, (योजना प्रबंध/यातायात) श्री प्रदीप गुप्ता द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया। इस संबंध में ए.आई.जी ट्रैफिक संजय शर्मा ने अवगत कराया कि प्रशिक्षण में अधिकारियों को ''सड़क सुरक्षा का अवलोकन भारतीय और वैश्विक परिदृश्य, रोड साइन्स और रोड सेफ्टी में मार्किंग की भूमिका आदि विषयों पर जानकारी दी गई। इसी तरह सड़क सुरक्षा में नई तकनीक पर आधारित आई.टी.एस. का अनुप्रयोग, सड़क सुरक्षा से संबंधित परिवहन में तकनीकी सुधार, स्वचालित वाहन निरीक्षण और स्वचालित ड्रायविंग टेस्ट के बारे में अवगत कराया गया। इसके अलावा चालक लायसेंस और वाहन पंजीकरण, प्रवर्तन, शिक्षा और जागरूकता, सड़क सुरक्षा से संबंधित विधायी प्रावधान, एमवीडीआर और अपराध और दंड, घटना प्रबंधन और ट्रामा केयर सहित सड़क सुरक्षा के विभिन्न आयामों का प्रशिक्षण दिया गया।

टेलरिंग से लेकर लैब टेक्नीशियन तक के गुर सीख रहे युवा

## रायपुर जिला के जोरा स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में युवाओं को मिल रहा निःशुल्क प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** बात जब देश के युवाओं की आती है तो स्वामी विवेकानंद का नाम हमारे जहन में सबसे पहले आता है। उनके जन्म दिन 12 जनवरी को हर वर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद के मार्ग का अनुसरण करते हुए राज्य शासन युवाओं के लिए अनेक योजनाएं चला रही है इनमे से एक है युवाओं को कौशल प्रदान कर उन्हे सक्षम बनाए के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना। 18 से 45 वर्ष के युवाओं के कौशल प्रशिक्षण हेतु जिले में जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज जोरा, रायपुर में संचालित है। लाईवलीहुड कॉलेज में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अन्तर्गत विभिन्न जॉबरोल में अल्प अवधि के कोर्स चलाये जाते है जो पूर्णतः निःशुल्क है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कहना है युवाओं को यदि सही समय पर सही दिशा दी जाए तो युवा शक्ति राज्य के लिए अनमोल पूंजी के स्व निश्चित रूप से साकार हो सकते है।

वर्तमान में लाईवलीहुड कॉलेज जोरा में युवा टेलरिंग से लेकर मशीन ऑपरेटर, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, मेडिकल लेबोरेटरी असिस्टेंट, इलेट्रिशियन, रिटेल सेल्स एसोसियेट, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट जैसी विधाओं में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें है। इन पाठ्यक्रमों की अवधि 03 माह से 01 वर्ष तक की है। जॉब रोल के अनुसार प्रशिक्षणार्थियों के लिए शैक्षणिक योग्यता निर्धारित की गई है। जो 8वीं उत्तीर्ण से 12वीं उत्तीर्ण तक है।

प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षित हितग्राहियों को निजी क्षेत्र के रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ा जाता है। यहां प्रशिक्षित हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं के अन्तर्गत लोन एवं लोन सब्सिडी की सुविधा भी प्रदान की जाती है। लाईवलीहुड कॉलेज रायपुर में कौशल प्रशिक्षण के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है एवं समय समय पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन करवाये जातें हैं।

## योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा योगाभ्यास शिविर के वार्षिक सम्मेलन में हुए शामिल



श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ योग अयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा मंगलवार को धमतरी में आयोग के तत्वाधान में संचालित निःशुल्क नियमित योगाभ्यास शिविर के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में शामिल हुए। समारोह में बच्चों ने योग के विभिन्न आसनों का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महापौर विजय देवांगन, योग आयोग के सचिव एम एल पांडे, वार्ड पार्षद सुशीला तिवारी, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी, योग साधक गण, चित्रा अष्टांग योग सेंटर के संचालक सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# वन विभाग के अधिकारी वनों की रक्षा के साथ वनवासियों की समृद्धि के लिए कार्य करेंः मुख्य सचिव अमिताभ जैन

### मुख्य सचिव ने मुख्य वन संरक्षक एवं वन मंडलाधिकारियों की कॉन्फ्रेंस को किया सम्बोधित

### वन विभाग द्वारा मिलेट लंच का किया गया आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने वन विभाग के अधिकारियों से कहा है कि वे वन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा, वनों के विकास के साथ वनों के आस-पास के वनवासियों ग्रामवासियों के समृद्धि एवं विकास के लिए भी कार्य करें। उन्होंने कहा कि वनवासियों की आमदनी बढ़ाने और वनोपजों के संग्रह एवं वन आधारित कार्यों में वनवासियों का भरपूर सहयोग करें। मुख्य सचिव आज यहां 'अरण्य भवन' नवा रायपुर में आयोजित वनमंडलाधिकारियों की कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। मुख्य सचिव ने वन अधिकारियों से कहा कि रागी, कोदो, कुटकी और अन्य मिलेट्स का उत्पादन वनवासी और ग्रामवासी करते है। सभी मिलेट्स पोषक तत्वों से भरपूर होते है। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि हम सभी को अपने दैनिक आहार में मिलेट्स से बने भोजन का उपयोग करना चाहिए। इस तरह से हम सभी मिलेट्स उत्पादन को बढ़ावा देने में भरपूर सहयोग कर सकते है। मिलेट्स पूर्णतः जैविक उत्पाद है यह कार्बन से भी मुक्त है।

मुख्य सचिव ने मुख्य वन संरक्षकों और वनमंडलाधिकारियों से कहा कि आप ऊर्जावान अधिकारी है, आपकी बौद्धिकता, कार्यों से ही वनों के संरक्षण, संवर्धन को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा आपकी कार्यकुशलता से शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। मुख्य सचिव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशन में वनवासियों की उन्नति की दिशा में निरंतर कार्य हो रहे है। मुख्य सचिव ने वन अधिकारियों से कहा कि आपको वनवासियों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर काम करना होगा। जिससे हम अपने लक्ष्यों को और आसानी से पूरा कर सकेंगे। वन विभाग के प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ ने दो दिवसीय वनमण्डलाधिकारियों की इस कॉन्फ्रेंस के संबंध में की गई विविध गतिविधियों का विस्तार से प्रकाश डाला। पीसीसीएफ डॉ. संजय शुक्ला ने कॉन्फ्रेंस में उपस्थित होने के लिए मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य सचिव ने राज्य के विभिन्न क्षेत्र से आये वन मंडलाधिकारियों, मुख्य वन संरक्षकों से उनके क्षेत्र के कार्यों के संबंध में जानकारी ली।

मुख्य सचिव की विशेष उपस्थिति में आज वन विभाग द्वारा मिलेट्स लंच का आयोजन किया गया। जिसमें रागी का सूप, रागी हलुवा, लाल भाजी, कोदो के चावल, मिलेट्स बरा, कुटकी का फरा, कोदो के चावल की खीर परोसी गई। मिलेट्स लंच में डीजीपी अशोक जुनेजा, पीसीसीएफ डॉ. संजय शुक्ला, प्रमुख सचिव वन मनोज पिंगुआ, कृषि विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, छत्तीसगढ़ जैव विविधता बोर्ड के अध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी, मुख्य वन संरक्षक, वनमण्डलाधिकारी, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने मिलेट्स लंच का लुत्फ उठाया।

# रबी के लिए किसानों को 415 करोड़ रूपए का ऋण वितरित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश में चालू रबी मौसम मे सहकारी बैंकों के माध्यम से एक लाख 85 हजार किसानों को अब तक 415 करोड़ रूपए का ऋण वितरित किया जा चुका है। वितरित ऋणों में गेंहू की फसल के लिए 110.50 करोड़ रूपए, चने की फसल के लिए 181.36 करोड़ रूपए, उद्यानिकी फसलों के लिए 14 करोड़ रूपए एवं अन्य फसलों के लिए 110 करोड़ रूपए के ऋण किसानों को दिए गए है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा निरंतर गेंहू, चना एवं उद्यानिकी फसलों को प्रोत्साहित करने हेतु चलाए गये अभियान के कारण ही इन फसलों के रकबे और ऋण वितरण में वृद्धि हुई है। कृषि के फसलों के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों के लिए भी राज्य शासन द्वारा ब्याज मुक्त (शून्य प्रतिशत) कृषि ऋण की व्यवस्था सहकारी समितियों के माध्यम से पहली बार की गई है। गतवर्ष इसी अवधि में एक लाख 9 हजार किसानों को 239 करोड़ रूपए के ऋण वितरित किये गये थे। चना एवं गेंहू की फसलों के लिए ऋणों में लगभग दोगुनी वृद्धि हुई है।

किसानों के लिए सहकारी समितियों के माध्यम से 98 हजार 279 मिटरिक टन रासायनिक उर्वरकों का भण्डारण किया गया है और 36 हजार 794 मिटरिक टन का खाद वितरण किसानों को किया गया है। इसी अवधि में गतवर्ष समितियों के माध्यम से 14 हजार 855 मिटरिक टन रासायनिक खाद का वितरण किसानों किया गया था। इस वर्ष रबी मौसम में 80 हजार 609 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट खाद का वितरण किसानों को किया गया है।

गौरतलब है कि राज्य शासन की ब्याज अनुदान योजना के अंतर्गत सहकारी समितियों के माध्यम से इस वर्ष अब तक 15.88 लाख किसानों को 5978 करोड़ रूपए का ऋण वितरण किया जा चुका है। गत वर्ष इसी अवधि में 4986 करोड़ रूपए का ऋण वितरण किसानों को किया गया था। सहकारी समितियों के माध्यम से इस वर्ष लगभग 1000 करोड़ रूपए से अधिक के ऋण वितरित किए गए है।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# इन 5 हेल्दी चिप्स को घर पर बनाना है आसान, ये है रेसिपी

चिप्स दुनिया में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले स्नैक्स में शामिल हैं, लेकिन इन्हें अनहेल्दी माना जाता है क्योंकि ज्यादातर पैक किए गए चिप्स अतिरिक्त चीनी, रंग और रिफाइंड तेलों से भरे होते हैं। हालांकि, स्वस्थ सामग्री का उपयोग करके घर पर आसानी से हेल्दी चिप्स बनाए जा सकते हैं। आइए आज आपको पांच हेल्दी चिप्स की रेसिपी बताते हैं, जो आसानी से घर पर बनाए जा सकते हैं।

### बैंगन के चिप्स

बैंगन के चिप्स बनाना बेहद आसान होता है। जब भी आपको कुछ नमकीन और कुरकुरे खाने का मन हो तो इन चिप्स का सेवन बेझिझक किया जा सकता है। इसके लिए सबसे पहले बैंगन को पतले स्लाइस में काटें और बेकिंग ट्रे पर फैला दें। इन स्लाइस पर थोड़ा सा जैतून का तेल भी लगाएं। अब ऊपर से नमक, काली मिर्च और लाल मिर्च पाउडर छिड़कें और इन्हें कुछ मिनट के लिए क्रिस्पी और गोल्डन ब्राउन होने तक बेक करें।

### पालक और केल के चिप्स

पालक और केल के चिप्स विटामिन ए और सी से भरपूर होते हैं, इसलिए ये चिप्स मधुमेह रोगियों के लिए भी अच्छे होते हैं। सबसे पहले पालक और केल के पत्तों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें और फिर इन्हें धोकर सूखने दें। इसके बाद पत्तियों में जैतून का तेल और सिरका मिलाएं। अब बेकिंग शीट पर पत्तियों को अच्छे से रखकर 35 मिनट तक बेक करें। अंत में इनके ऊपर नमक छिड़ककर सर्व करें।

### शकरकंद के चिप्स



शकरकंद के हल्के, पौष्टिक और स्वस्थ चिप्स कम वसा और कम कैलोरी वाले होते हैं और इनका सेवन नाश्ते में भी किया जा सकता है। सबसे पहले शकरकंद को पतला काटें और फिर इसमें नमक, काली मिर्च, जैतून का तेल, पेपरिका पाउडर, पिसी हुई थाइम और ओरेगेनो छिड़ककर अच्छी तरह मिलाएं। अब पहले से गरम किए हुए एयर फ्रायर में इसे 10 से 15 मिनट तक फ्राई करें। अंत में गार्लिक डिप के साथ इन चिप्स का सेवन करें।

### मूंग दाल के चिप्स

मूंग दाल के चिप्स बनाने के लिए सबसे पहले मूंग दाल को दो घंटे के लिए पानी में भिगोकर अच्छी तरह से पीस लें। अब पिसी हुई दाल में सूजी, गेहूं का आटा, सूखा हरा धनिया, नमक, काली मिर्च और लाल मिर्च पाउडर डालें और अच्छे से मिलाकर मिश्रण तैयार कर लें। इसके बाद इस मिश्रण से नरम आटा गूंथें। अब इससे छोटी-छोटी लोइयां बनाकर बेल लें और फिर लंबे चिप्स के आकार में काटकर बेक करें।

### रागी के चिप्स

प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, आयरन और मैग्नीशियम से भरपूर रागी चिप्स मधुमेह रोगियों के भी उपयुक्त हैं। सबसे पहले गेहूं का आटा, दही, रागी का आटा, अदरक-लहसुन का पेस्ट, नमक और लाल मिर्च पाउडर को एक साथ मिलाकर इसमें पानी डालते हुए मुलायम आटा गूंथ लें। अब आटे से छोटी-छोटी लोई बनाकर चपटा बेल लें और फिर चिप की तरह स्ट्रिप्स में काट लें। इसके बाद इन स्ट्रिप्स में जैतून का तेल छिड़कें और 12 से 15 मिनट तक बेक करें।

# छत्तीसगढ़ की ग्रामीण पृष्ठभूमि पर बनी फिल्म 'ले चलहुं अपन दुवारी' कल से सिनेमाघरों में



पॉपकर्न फिल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले निर्माता देवनारायण साहू और उत्तरा कुमार साहू फिल्म के लेखक कॉस्टन साहू और डायरेक्शन मृत्युंजय सिंह की आगामी फिल्म कल 13 जनवरी को ले चलहुं अपन दुवारी पूरे प्रदेश में प्रदर्शित की जा रही है। फिल्म को कैमरे में बेहतरीन तरीके से कैद किया है आरुषि बागेश्वर ने। फिल्म की शूटिंग छत्तीसगढ़ के विभिन्न रोमांटिक एवं दर्शनीय स्थानों पर की गई है। निर्माताओं ने बताया कि फिल्म का निर्माण छत्तीसगढ़ की ग्रामीण पृष्ठभूमि पर केंद्रित है। इस फिल्म में देशप्रेम के साथ साथ इमोशन एवं कामेडी का भी भरपूर समावेश किया गया है।




फिल्म निर्माण में कहीं से कोई कमी न रह जाय इसके लिए सभी आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया गया है। इसके लिए पूरी टेक्निकल टीम मुम्बई से छत्तीसगढ़ आयी थी। फिल्म मेकिंग की पूरी टोम नव युवाओं से प्रेरित है और इन लोगों ने भरपूर जज्बे उमंग उत्साह के साथ अपने काम को बखूबी से अंजाम दिया है। फिल्म के लेखक, डायरेक्टर एवं डीओपी सभी पच्चीस से तीस साल के बीच के युवा है। सभी युवा टीम का इरादा दर्शकों के बीच ऐसी फिल्म परोसने का है जिसे देखकर दर्शक बार बार फिल्म को जरूर देखना चाहे और यह फिल्म छालीवुड फिल्म इंडस्ट्री में अपना अलग मुकाम बना सके।

फिल्म में छत्तीसगढ़ के स्थानीय कलाकारों के साथ ही मुम्बई फिल्म इंडस्ट्री के कलाकारों ने भी काम किया है। नायक की भूमिका में शील वर्मा एवं नायिका पूजा शर्मा (मोहनी एल्बम फेस) ही इसके साथ साहेबदास मानिकपुरी, अक्षय वर्मा, विजय मिश्र, नरेंद्र दावड़ा, सुमित्रा ताहू, मनीषा खोब्रागडे ने फिल्म ने अहम किरदार निभाया है। फिल्म संगीत मोनिका वर्मा तोषान्त कुमार एवं तोषान्त सोलंकी व सिदान्त निराला ने गानों को कर्णप्रिय बनाया है। फिल्म को एडिट किया है सेंटू ने तो एक्सिक्यूटिव प्रोडक्शन की जिमेडर उठाई है अब्दुल वाहिद ने फिल्म की पूरी टीम को आशा ही नहीं अपितु पूरा विश्वास है कि ले चलहुं अपन दुवारी फिल्म दर्शकों के बीच अपनी अलग पहचान बनाने में जरूर सफल होगी।

# थमने का नाम नहीं ले रही है श्रद्धा दास की हॉटनेस थाई स्लिट ड्रेस में शेयर की बोल्ड फोटो



साउथ इंडस्ट्री की एक्ट्रेस श्रद्धा दास अक्सर अपनी बोल्ड फोटोज को लेकर सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में रहती हैं। अपने फैंस के लिए श्रद्धा आए दिन सोशल मीडिया पर अपनी फोटो व वीडियो शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की कुछ ग्लैमरस तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टाइलिश अंदाज देख कर फैंस अपने होश खो बैठे हैं। एक्ट्रेस श्रद्धा दास इन दिनों अपने हॉट लुक्स से इंटरनेट पर सनसनी मचा रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की हॉट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में अभिनेत्री श्रद्धा ने गोल्डन कलर की बेहद ही सिजलिंग थाई स्लिट ड्रेस पहनी हुई है। अपने बालों को स्टाइलिश लुक देकर और साथ ही डार्क रेड लिप्सटिक लगा के एक्ट्रेस ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस श्रद्धा दास अपने हॉट अवतार की तस्वीरों से हर वक्त फैंस को बेकाबू कर देती हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अपना परफेक्ट टोंड फिगर फ्लॉन्ट करती हुई हॉट फोटोज क्लिक करवा रही हैं। श्रद्धा दास सोशल मीडिया स्टार हैं और आए दिन अपनी हर एक तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर के फैंस को दीवाना बना देती हैं।

# हाथों की कलाई को स्ट्रेच और मजबूत करने में मदद कर सकते हैं ये 5 योगासन



कलाई में कई छोटे-छोटे जोड़ होते हैं, जो हाथों को स्थिर रखने और ठीक से काम करने में मदद करते हैं। हालांकि, अगर किसी कारणवश ये जोड़ प्रभावित हो जाए तो कार्पल टनल सिंड्रोम जैसी समस्याएं हो सकती हैं। आइए आज हम आपको पांच ऐसे योगासनों के अभ्यास का तरीका बताते हैं, जो कलाई को स्ट्रेच करने के साथ-साथ इन्हें स्वस्थ और मजबूत बनाए रखने में मदद कर सकते हैं।

### अधोमुख श्वानासन

अधोमुख श्वानासन के लिए योगा मैट पर वज्रासन की मुद्रा में बैठ जाएं। अब सामने की तरफ झुकते हुए अपने हाथों को जमीन पर रखें और गहरी सांस लेते हुए कमर को ऊपर उठाएं। इस दौरान घुटनों को सीधा करके सामान्य रूप से सांस लेते रहें। इस योगासन में शरीर का पूरा भार हाथों और पैरों पर होना चाहिए। कुछ मिनट इसी अवस्था में रहने के बाद धीरे-धीरे सामान्य हो जाएं।

### फलकासन

इसके लिए सबसे पहले एक योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं और इस दौरान अपने दोनों पैरों के बीच थोड़ी दूरी बनाकर रखें। इसके बाद अपने हाथों को कोहनियों से मोड़ते हुए जमीन पर रखें और हाथों की उंगलियों को आपस में फंसा लें। अब धीरे-धीरे सांस लेते हुए और हाथों पर जोर देते हुए अपने पूरे शरीर को ऊपर उठाने की कोशिश करें। कुछ सेकेंड इस अवस्था में रहने के बाद धीरे-धीरे सामान्य अवस्था में आ जाएं।

### बिटिलासन

बिटिलासन के लिए योगा मैट पर वज्रासन की मद्रा में बैठें। फिर आगे की ओर झुकते हुए दोनों हाथों को अपने आगे सीधे जमीन पर टिका लें। अब अपने कूल्हे को ऊपर की तरफ और पेट को जमीन की ओर दबाएं। इसके बाद सिर को उठाते हुए कुछ सेकंड सीधे या फिर आसमान की तरफ देखें। कुछ देर इस मुद्रा में बने रहने के बाद धीरे-धीरे वज्रासन की अवस्था में वापस आ जाएं और आसन छोड़ दें।


### मयूरासन

सबसे पहले योगा मैट पर घुटनों के बल बैठकर अपनी हथेलियों को जमीन पर उल्टा रखें। अब शरीर को आगे की ओर झुकाकर धीरे-धीरे अपने दोनों हाथों पर शरीर का पूरा वजन लाने की कोशिश करें। इस दौरान अपने पैरों को पीछे की ओर सीधा कर लें और उन्हें ऊपर उठाएं। इस स्थिति में आपके शरीर का पूरा वजन आपके दोनों हाथों और कोहनियों पर होना चाहिए। कुछ देर इसी मुद्रा में रहने के बाद धीरे-धीरे सामान्य हो जाएं।

### भुजपीडासन

इसके लिए योगा मैट पर पैरों को फैलाकर बैठें और अपनी दोनों हथेलियों को अपने दोनों पैरों के बीच में रखें। अब अपने पूरे शरीर का भार दोनों हथेलियों पर डालते हुए शरीर को जमीन से ऊपर उठाने की कोशिश करें। इसके बाद दोनों पैरों को आपस में जोड़कर क्रॉस करें। इस दौरान अपने सिर को सामने रखें और सामान्य गति से सांस लेते रहें। इस अवस्था में कुछ मिनट रहने के बाद धीरे-धीरे प्रारंभिक अवस्था में आ जाएं।

# श्रद्धा कपूर के नाम एक और बायोपिक, बनेंगी रुखसाना कौसर



लम्बे समय से सिनेमाई परदे से दूर रही अभिनेत्री श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी अगली फिल्म तू झूठी मैं मक्कार को लेकर काफी चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में वे पहली बार रणबीर कपूर के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी। लव रंजन के निर्देशन में बन रही यह फिल्म काफी लम्बे समय से चर्चाओं में है। कुछ दिन पूर्व ही लव रंजन ने इस फिल्म का शीर्षक जारी किया था। तू झूठी मैं मक्कार के अतिरिक्त श्रद्धा कपूर की चर्चा सिने गलियारों में एक और फिल्म को लेकर हो रही है। यह एक बायोपिक है जिसमें श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

श्रद्धा कपूर के करियर में यह दूसरी बायोपिक होने जा रही है। इससे पहले वे हसीना पार्कर के रूप में दर्शकों के सामने आ चुकी हैं। श्रद्धा कपूर अपनी आने वाली फिल्म में कश्मीर की बहादुर लड़की रुखसाना कौसर की भूमिका निभाएंगी। वर्ष 2009 में रुखसाना ने लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी अबू ओसामा को कुल्हाड़ी से मार डाला था। इसके बाद फायरिंग करते हुए उन्होंने अन्य आतंकियों को भी खदेड़ दिया था।

इस घटना के बाद रुखसाना को लोग एक मिसाल मानने लगे। उनकी बहादुरी का किस्सा चर्चित हुआ। इस वीरता के लिए रुखसाना और उनके भाई को 2010 में कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया था। रुखसाना रानी झांसी पुरस्कार से भी सम्मानित की गई हैं। वर्तमान में रुखसाना राजौरी में पुलिस कांस्टेबल के पद पर तैनात हैं। अब रुखसाना की इसी कहानी को परदे पर उतारने की तैयारी की जा रही है।

हालांकि अभी तक फिल्म को लेकर कोई भी जानकारी सामने नहीं आई है और न ही इसके प्रदर्शन के बारे में कोई जानकारी दी गई है। बात करें श्रद्धा कपूर के वर्क फ्रंट की तो पुरस्कार विजेता अभिनेत्री, श्रद्धा कपूर, अगली बार बहुप्रतीक्षित तू झूठी मैं मक्कार में रणबीर कपूर के साथ नजर आएंगी, जो 8 मार्च, 2023 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने के लिए तैयार है। इसके अतिरिक्त उनके पास बहुप्रतीक्षित स्त्री-2 भी है, जिसका निर्देशन अमर कौशिक करने जा रहे हैं।

# फाइटर में मेरा किरदार वास्तविक जीवन के नायकों को श्रद्धांजलि हैः अक्षय ओबेरॉय

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण अभिनीत आगामी फिल्म फाइटर में नजर आने वाले अभिनेता अक्षय ओबेरॉय ने कहा कि फिल्म में उनका किरदार वास्तविक जीवन के नायकों को श्रद्धांजलि है। अक्षय, जो फिल्म में वायु सेना अधिकारी की भूमिका निभाते नजर आएंगे, ने कहा कि अपनी भूमिका निभाना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, देश की सेवा करने वाले किसी व्यक्ति की भूमिका निभाना सम्मान की बात है। मेरा किरदार उन सभी वास्तविक जीवन के नायकों को एक श्रद्धांजलि है, जिन्होंने अपने देश के लिए लड़ाई लड़ी है। अभिनेताओं के रूप में, हम उनके कार्यों की नकल कर सकते हैं, लेकिन धैर्य और साहस जो उन्होंने वास्तविक जीवन की स्थितियों में दिखाया होगा वह अथाह है। इस भूमिका के लिए मुझे चुनने के लिए निर्देशक सिद्धार्थ और ममता आनंद का धन्यवाद। हाल ही में अक्षय ने फिल्म के साथ अपने जुड़ाव की घोषणा करने के लिए निर्देशक सिद्धार्थ आनंद और सह-कलाकार करण सिंह ग्रोवर के साथ अपनी एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा का शताब्दी समारोह 5 मार्च को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश्वर यादव, महासचिव एसडी यादव, संरक्षक एवं संयोजक राष्ट्रीय अहीर रेजिमेंट प्रकोष्ठ बिगेडियर प्रदीप यदु, महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष मंजू यादव ने प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में संयुक्त रूप से बताया कि 1922 में संस्था की स्थापना हुई थी। 22 राज्यों में फैले संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से 5 मार्च को शताब्दी समारोह का आयोजन 100 वर्ष पूरे होने पर किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में यह सम्मेलन 5 मार्च को दोपहर 12 बजे लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण बिलासपुर में आयोजित किया गया है। उक्त समारोह में देश प्रदेश के पूर्व मंत्री, वर्तमान मंत्री सांसद विधायक, जनप्रतिनिधि एवं समाज सेवी संस्थाओं सहित शिक्षा विदों को आमंत्रित किया जाएगा। समारोह का प्रमुख मुद्दा सन 1850 से लंबित अहीर रेजिमेंट के निर्माण की मांग को पूरजोर तरीके से केन्द्र सरकार के समक्ष रखकर उस पर तत्काल निर्णय करवाना है। पत्रकारवार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष सोभा राम यादव, राष्ट्रीस सचिव डीआर यादव, महामंत्री देव यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष कमल यादव सहित युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मिथिलेश यादव ने अनेक मुद्दों पर समाज की प्रगति की दिशा में उपयोगी जानकारी दी।

### छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में खिलाड़ियों ने किया जिले का नाम रोशन

**रायगढ़।** छत्तीसगढिया़ ओलंपिक के अंतिम चरण की राज्य स्तरीय प्रतिस्पर्धा में रायगढ़ के खिलाडियो़ं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। विभिन्न श्रेणियों में जिले के खिलाडियो़ं ने 3 स्वर्ण और 5 रजत और 4 कांस्य सहित कुल 12 पदक जीते। समापन समारोह में विजेता खिलाडियो़ं को उच्च शिक्षा मंत्री  उमेश पटेल ने पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने सभी विजयी खिलाडियो़ं को उनकी इस उपलब्धि के लिए जिला प्रशासन की ओर से बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। छत्तीसगढिया़ ओलंपिक की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता रायपुर में 8 से 10 जनवरी तक आयोजित की गई। इसमें रायगढ़ जिले से 85 खिलाडियो़ं का दल शामिल हुआ। ये खिलाड़ी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता से क्वालीफाई कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए।  गौरतलब है कि छत्तीसगढिया़ ओलंपिक की स्पर्धाएं 6 स्तर पर आयोजित की गई। पहले राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर स्पर्धा हुई। जिसके पश्चात जोन स्तर फिर विकासखंड उसके बाद पश्चात जिला, संभाग और अंतिम में राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। प्रतियोगिता ग्रामीण और नगरीय निकाय दोनों में आयोजित की गई।

# शपथ लेने के बाद मैंने जो पहला काम किया वह था किसानों की ऋण माफीः भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज सिहावा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेलरगांव में आम जनता से भेंट-मुलाकात कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद मैंने, जो पहला काम किया था, वह था किसानों की ऋण माफी। उन्होंने कहा कि शपथ के लेने के बाद वह सीधे मंत्रालय गए और राज्य के लगभग 19 लाख किसानों पर बकाया साढ़े नौ हजार करोड़ रूपए की ऋण माफी की फाइल पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों की आय और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना हमारा लक्ष्य है। इसके लिए बीते चार सालों में आजीविका के विविध साधन सृजित किए गए हैं।



उन्होंने राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना, सुराजी गांव योजना, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक जैसी अभिनव योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यह योजनाएं लोगों के जीवन को बेहतर बनाने वाली योजनाएं हैं।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर नगरी-सिहावा क्षेत्र के विकास के लिए कई सौगातें दी। मुख्यमंत्री ने बेलरगांव में सामुदायिक भवन, सांकरा-घठुला-बेलरगांव-जैतपुरी मार्ग चौड़ीकरण, राजपुर से कर्राघाटी तक पक्की सड़क, मुरूमसिल्ली बांध की सुरक्षा के लिए प्रोटेक्शन वॉल निर्माण और डिस्टर्व पिचिंग का सुधार, बालका नदी के कर्णेश्वर संगम मंदिर तक तटबंध निर्माण, बाजार कुर्रीडीह में धान खरीदी केंद्र, ग्राम पंचायत खैरभर्री में आमानाला नदी के किनारे पुल निर्माण, गोविन्दपुर में डोंगापथरा के पास पुल निर्माण, करैया से सारंगपुरी पहुंचमार्ग एवं करैहा से आड़मुड़ा मार्ग में पुलिया निर्माण, अमाली, गुडरापारा, राजपुर और लखनपुर में मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना के क्रियान्वन हेतु शेड निर्माण, ग्राम पंचायत चनागांव, गेदरा, उमरगांव, कांटाकुर्रीडीह, लखनपुरी, कसपुर, बनबगौद, परसापानी, कल्लेमेटा, भड़सिवना, हिर्रीडीह, घठुला और खम्हरिया में देवगुड़ी निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराए जाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कृषि एवं किसानों की बेहतरी के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शुरूआत की गई। उन्होंने कहा कि इस योजना को लागू करने के बाद ही कोरोना की वैश्विक महामारी आ गई। काम-धंधे ठप हो गए। राज्य की वित्तीय स्थिति पर भी इसका प्रभाव पड़ा, इसके बावजूद भी हमने किसान भाईयों को इस योजना के तहत 1500 करोड़ रूपए की पहली किश्त 21 मई 2020 को जारी की। किसान भाईयों को चार किश्तों में कुल 5628 करोड़ रूपए दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत चार किश्तों में राशि दिए जाने पर कुछ लोगों ने एतराज जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चार किश्तों में राशि दिया जाना, किसान भाईयों के लिए खेती-किसानी, तीज त्यौहार, वैवाहिक कार्यक्रमों एवं अन्य जरूरतों को पूरा करने में मददगार साबित हुई है। इस योजना के तहत अब तक राज्य के 24 लाख किसान भाईयों को 16 हजार 415 करोड़ रूपए की मदद दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इस साल हमने दीपावली का त्यौहार मनाने के लिए योजना की तीसरी किश्त की राशि जो एक नवम्बर राज्योत्सव के अवसर पर जारी की जाती थी, उसे 17 अक्टूबर को ही किसान भाईयों के बैंक खाते में डाल दिया था, ताकि 24 अक्टूबर को दीपावली का त्यौहार  वह अच्छे से मना सके। उन्होंने कहा कि चौथी और आखरी किश्त 31 मार्च को किसानों को जारी कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोधन न्याय योजना के जरिए यह साबित हो चुका है कि गोबर बेचकर भी पैसा कमाया जा सकता है। अब गौमूत्र की भी खरीदी की जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि राज्य में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए बजट में वृद्धि करने के साथ ही अंग्रेजी माध्यम में निःशुल्क शिक्षा के लिए स्कूल प्रारंभ किए हैं। आज राज्य में 279 स्कूल संचालित है। जिनके माध्यम से गरीब परिवार के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल रही है। गांव के बच्चे भी अब फर्राटे से अंग्रेजी में बातचीत करने लगे हैं। हमने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को संरक्षित करने के साथ ही बढ़ावा देने का काम किया है। तीज त्यौहारों पर अवकाश, आदिवासी संस्कृति के संरक्षण के लिए देवगुड़ी के विकास का काम कर रहे हैं। राम वन गमन पर्यटन परिपथ का विकास कर रहे हैं।

लोगों की आस्था और श्रद्धा को देखते हुए चंदखुरी, शिवरीनारायण एवं राजिम में विकास के कामों के साथ-साथ भगवान राम की भव्य प्रतिमा स्थापित की है।  बेलरगांव में भेंट-मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को सलोनी गांव के कृषक झंकेश्वर साहू ने बताया कि किसानों की ऋण माफी से उनका 4 लाख 80 हजार रूपए का ऋण माफ हुआ है। कृषक झंकेश्वर साहू ने बताया कि उसने कृषि ऋण की यह राशि धान बेचकर जमा कर दी थी। ऋण माफी की घोषणा के बाद बैंक ने कर्ज के एवज जमा की गई पूरी राशि 4.80 लाख रूपए उनके खाते में लौटा दी। कृषि ऋण माफी और राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से मिल रही मदद के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इससे राज्य के किसानों की आर्थिक स्थिति अच्छी हुई है। कृषक झंकेश्वर साहू के पास 40 एकड़ कृषि भूमि है।

## मुख्यमंत्री ने किया विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्री और राशि का वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सिहावा विधानसभा के मगरलोड स्थित खिसोरा में भेंट मुलाकात कार्यक्रम में शिरकत किए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्री और चेक वितरित किए। समाज कल्याण विभाग की ओर से दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण और विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत चेक वितरित किए।



इनमें अस्थिबाधित करेली बड़ी के रूपेश, रेवन, कामता,  खिसोरा के देवेश, सुश्री सत्यभामा साहू, पुरण साहू को ट्रायसाइकिल और गजेन्द्र को बैसाखी वितरित किए। इसी तरह ग्राम कपालफोड़ी के दम्पत्ति श्रीमती हेमलता और टीकम राम को मुख्यमंत्री विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत 50 हजार रूपये का चेक मुख्यमंत्री श्री बघेल के हाथों वितरित किया गया।

इसी तरह श्रम विभाग की ओर से मिनीमाता महतारी जतन योजना के तहत ग्राम करेली बड़ी की श्रीमती महेश्वरी साहू, श्रीमती चुनेश्वरी विश्वकर्मा और मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत ग्राम मोतिमपुर की श्रीमती झलेन्द्री बाई और कपालफोड़ी की श्रीमती झुनिया बाई को 20-20 हजार रूपये का चेक वितरित किया गया।

मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु पर दिव्यांग सहायता योजना के तहत करेली बड़ी के  मिलुराम को एक लाख रूपये की राशि का चेक प्रदाय किया गया। उन्होंने कृषि विभाग की ओर से नवागांव के किसान श्री बिसेलाल साहू, रूपेश साहू, लिलेश्वर साहू, अभिलाष साहू और जागेश्वर यादव को स्पेयर वितरित किए। इसी तरह उद्यानिकी विभाग की ओर से तीन हितग्राहियों को 30 हजार रूपये का चेक वितरित किए।

## मुख्यमंत्री बाल संदर्भ शिविर में कुपोषित बच्चों की हुई जांच, दी गई निःशुल्क दवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सुकमा।** रामाराम सेक्टर के ग्राम कोयाबेकुर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री बाल संदर्भ सह महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में महिलाओं को उनके सुरक्षा के लिए विधिक अधिकारों की जानकारी महिला संरक्षण अधिकारी श्रीमती प्रमिला सिंह ने दी। इसी तरह केस वर्कर सुश्री संगीता करतम द्वारा स्थानीय बोली गोंडी में सखी वन स्टॉप सेंटर से महिलाओं को प्रदान की जाने वाली सेवाओं की भी जानकारी दी गई। वहीं सेक्टर पर्यवेक्षक सुश्री रश्मि चन्द्रवंशी ने एकीकृत बाल विकास सेवा एवं एकीकृत बाल संरक्षण सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही शिविर में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग की दल ने समस्त सेवाओं की जानकारी देकर 12 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच एवं नियमित टीकाकरण किया गया। वहीं मुख्यमंत्री बाल



संदर्भ अन्तर्गत 21 कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवा वितरण किया गया एवं माताओं को उचित देखभाल संबंधी जानकारी देने के साथ ही पोषण पुनर्वास केन्द्र में दाखिला कराने कहा गया। शिविर में महिलाओं को सक्षम बनाने के लिए स्थानीय स्तर पर व्यवसाय कौशल के विषय में एवं बच्चों के सीखने के अवसर बढ़ाने के लिए रीड एलांग एप्प की जानकारी दी गई।

## 13 सेवा सहकारी समितियों का बनेगा कार्यालय और गोदाम, किसानों को मिलेगी सुविधाएं- मंत्री अकबर

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। राज्य सरकार के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर आज बुधवार को अपने कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे। श्री अकबर ने कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के 13 नवीन सेवा सहकारी समितियों के लिए 3 करोड़ 32 लाख 28 हजार रूपए की लागत से स्वीकृत नए कार्यालय सह गोदाम भवन निर्माण की आधारशिला रखीं।



वर्ष 2023 में पहली बार अपने विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे श्री अकबर ने नए वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं भी दी। उल्लेखनीय है कि कैबिनेट मंत्री श्री अकबर और पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चन्द्राकर के विशेष आग्रह पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप राज्य शासन से जिले के तीस नवीन सेवा सहकारी समितियों के कार्यालय सहगोदाम भवन निर्माण के लिए 7 करोड़ 66 लाख 80हजार रूपए की मंजूरी मिली है। इस तीस समितियों में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में 13 और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में 17 शामिल है।

कैबिनेट मंत्री अकबर ने शिलान्यास करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित एवं कल्याण के लिए कबीरधाम जिले में 30 नए सेवा सहकारी समिति का बनाए गए है। पहले जिले में 60 सहकारी समितियां थी। इसी प्रकार 90 धान खरीदी को बढ़ाकर 107 धान खरीदी केन्द्र बनाए गए है। इससे क्षेत्र के किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। जिले के इन सभी नए समितियां के कार्यालय एवं सहगोदाम मे लिए राज्य सरकार से 7 करोड़ 66 लाख 80 हजार रूपए की स्वीकृति मिली है। उन्होने कहा कि किसानों हित, कल्याण और उनके सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जन आकांक्षाओं अनुरूप पूरे जिले में तीस नए सहकारी समिति का पुर्नगठन किया गया है। इससे क्षेत्र के किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। नए समितियां और धान खरीदी केन्द्र बनने से किसानों का समय बचा है। दूरियां कम हुई है। इससे कृषि लागत में कमी और आमदनी में बढौतरी हो रही है। आज कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के 13 समितियों के कार्यालय एवं सहगोदाम की आधार शिला रखी गई है, जिसमें सेवा सहकारी समिति सुरजपुरा, मोहगांव, बिरनपुर, बडौदाकला, महराजपुर, धरमपुरा, जिंदा, कोको, उसरवाही, समनापुर, झलमला, भलपहरी और रौचन शामिल है। कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने अपने विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल नेतृत्व वाली में राज्य सरकार की सफलता एवं गौरवशाली 4वर्ष में हुए विकासमूलक कार्यों और योजनाओं की विस्तार से लोगों को समझाया। उन्होने कहा कि राज्य के किसानो, गौपालकों और भूमिहीन किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए राजीव गांधी न्याय योजनाएं बनाई गई है। न्याय के इन योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के किसानों, पशुपालकों और खेतिहर मजदूरों को आर्थिक संभल दिया जा रहा है। ऐसी कल्याणकारी पहल से एक लाख 50 हजार करोड़ रूपए की राशि जरूरतमंद लोगां की जेंब में डाली गई, जिसके कारण खेत-खलिहानों से लेकर उद्योगों तथा बाजारों में खुशहाली आई है। हमारे अपना वादा निभाते हुए राज्य के 17 लाख 82 हजार किसानों पर बकाया 9270 करोड़ रूपए  का कृषि ऋण माफ किया गया है। 17 लाख से अधिक किसानों का 244.18 करोड रूपए सिंचाई कर माफकरने के बाद 80 करोड़ रूपए का और बकाया सिचाई कर जून 2021 तक का माफकिया गया।

## पारम्परिक खेल विधाओं सहित खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने हरसंभव पहल - लखमा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोण्डागांव।** प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार पारम्परिक खेल विधाओं को बढ़ावा देने सहित खेल प्रतिभाओं को समुचित अवसर सुलभ कराने और उन्हे बेहतर सुविधाएं देकर उनकी प्रतिभाओं को निखारने के लिए हरसंभव पहल कर रही है।



राज्य में पहली बार छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन कर ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के प्रतिभाओं को पारम्परिक खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का अवसर मिला। राज्य सरकार प्रदेश के खेल प्रतिभाओं के लिए खेल परिसर और स्पोर्टस अकादमी की स्थापना कर उन्हे समुचित प्रशिक्षण की सुविधायें सुलभ करवा रही है। जिससे वे राज्य और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम रौशन कर सकें। यह बात राज्य के उद्योग एवं आबकारी मंत्री तथा प्रभारी मंत्री जिला कोण्डागांव श्री कवासी लखमा ने बड़ेराजपुर ब्लाक के कोरगांव में आयोजित ग्रामीण क्रिकेट स्पर्धा के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर उन्होने विजेता तथा उप विजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री कवासी लखमा ने राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि हमारी सरकार सभी वर्गों के हितों के लिए कटिबद्ध है।

## CHANGE IN NAME

I, Tanisha D/O JC-673650N Sub Ghanshyam Singh, presently residing of H.No 618, Mohan Nagar 'B', Gali No 7, BJS Colony, Jodhpur (Rajasthan)-342006, state that, I have changed my name from Tanisha to Tanisha Yadav. My DOB is 02 Mar 2005, vide Affadavit dt 04 Jan 2023, before The Notary Public, Raipur, Chhattisgarh.

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430


दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किड्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# पुलिस फोर्स कर रही है हेलीकाप्टर व ड्रोन से हवाई हमले, नक्सलियों ने प्रेसनोट जारी कर लगाया आरोप

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** बुधवार को बस्तर में नक्सलियों पर फोर्स ने एयर स्ट्राइक की। नक्सलियों ने प्रेसनोट जारी कर पुलिस फोर्स पर हेलीकाप्टर व ड्रोन से हवाई हमला करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में नक्सलियों की दक्षिण बस्तर डिविजन कमेटी की सचिव गंगा ने आरोप लगाते हुए कहा कि PLGA (पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी) पर हमला किया गया। इस हमले में पार्टी को नुकसान नहीं हुआ लेकिन गांव के किसान खेतों में जाने से डर रहे हैं।



नक्सली लीडर ने प्रेसनोट के जरिए आरोप लगाया कि 11 जनवरी को सुबह 11 बजे दक्षिण बस्तर के पामेड, किस्टारम सहित छत्तीसगढ़-तेलंगाना बार्डर से लगे मडकनगुडा, मेट्टागुड़ा, बोट्टेलोंग, साकिलेर, मड़पालेड, कन्नेमरका, पोट्टेमगुम, बोत्तलका, रासापल्ली और एर्रापाड़ गांव, जंगल पहाड़ों को निशाना बनाकर ड्रोन व हेलिकॉप्टरों द्वारा तेलंगाना, छत्तीसगढ़ के पुलिस समन्वय में हवाई बमबारी कर रहे हैं। इससे पहले पिछले साल 15 अप्रैल को भी इसी इलाकों में बमबारी की गई थी।

नक्सली लीडर गंगा के अनुसार इस साल फिर 2023 में 11 जनवरी को सुबह से शुरू हुई हवाई बमबारी रुक-रुककर जारी रही। हमारी पार्टी नेतृत्व तथा पीएलजीए को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से पूरे इलाके को महीनों भर से दिन रात लगातार टोही, हेलिकॉप्टरों द्वारा निगरानी रखते हुए सैकडों बम गिराया जा रहा हैं।

प्रेसनोट के जरिए नक्सलियों ने कहा कि हाल ही में केन्द्रीय गृहमंत्री अमितशाह यह घोषणा की कि 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले माओवादी पार्टी को जड़ से मिटाएंगे। इसी योजना अंतर्गत घेरा डालो- उन्मूलन करो अभियान संचालित करते हुए हमारी पार्टी, पीएलजीए क्रांतिकारी जन कमेटियों का सफाया करने की योजना पर केंद्र की ब्राह्मणीय हिंदुत्व व फांसीवादी सरकार एवं छत्तीसगढ़ की जन विरोधी व आदिवासी विरोधी कांग्रेस सरकार के दिशानिर्देशन पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं।

बालाजी बिल्डर्स का संचालक ठगी के ममले में गिरफ्तार

# जमीन और मकान दिलाने के नाम पर लुभावने ऑफर देकर करता था धोखाधड़ी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने शहर के जाने माने बालाजी बिल्डर्स के संचालक को ठगी के मामले गिरफ्तार किया है। वह लोगों को जमीन और मकान लेने के लिए लुभावने ऑफर देता था। इसके बाद नियम व शर्तों को पूरा न करके उनके साथ धोखाधड़ी करता था। सुपेला पुलिस के मुताबिक उतई निवासी ओमेश्वरी साहू और बोहारडीह पाटन निवासी रूपेश कुमार साहू ने बालाजी बिल्डर्स के मालिक जुगल किशोर तिवारी के नाम पर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी मुलाकात जमीन खरीदने के सिलसिले में मकान नंबर 303 स्ट्रीट 10 मॉडल टाउन निवासी जुगल किशोर तिवारी से हुई थी। उसने उन्हें कई लुभावने ऑफर दिए और लाखों रुपए एडवांश लेकर जमीन देने का आश्वासन दिया था। इसके बाद उसने तय समय में न जमीन दी और न ही उनके रुपए लौटाए। संपर्क करने पर वह बार-बार उन्हें टाल मटोल करके घुमाता रहा। उसने ओमेश्वरी साहू से 5 लाख रुपए और रूपेश साहू से 14 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है। समय पर पैसा और जमीन दोनों न देने पर उन्होंने परेशान होकर पीड़ितों ने उसके खिलाफ सुपेला थाने में शिकायत दर्ज कराई।

### पुलिस ने घेराबंदी करके किया गिरफ्तार

पुलिस में शिकायत दर्ज होने के बाद जुगल किशोर तिवारी फरार हो गया था। पुलिस ने उसकी तलाश की और घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया। पुलिस की जांच में पता चला कि आरोपी इसी तरह लुभावने ऑफर देकर लोगों से ठगी करता है। उसके खिलाफ इससे पहले भी धोखाधड़ी के दो प्रकरण दर्ज हैं।

### और भी लोग शिकायत लेकर पहुंच रहे थाने

बालाजी बिल्डर्स के संचालक ने कई लोगों के साथ इसी तरह धोखाधड़ी की है। उसके खिलाफ मामला दर्ज होने और गिरफ्तारी की सूचना मिलने के बाद और भी लोग अपनी शिकायत लेकर थाना आ रहे हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपी जुगल तिवारी ने 15-20 लोगों के खिलाफ इसी तरह जमीन देने के नाम पर ठगी किया है।

## खास खबर

### कुकदुर पुलिस ने विस्फोटकों से लदी गाड़ी को पकड़ा, चालक गिरफ्तार

**कवर्धा ( ए )।** कबीरधाम जिला पुलिस ने पड़ोसी राज्य से लाए जा रहे विस्फोटकों से लदी गाड़ी को पकड़ा। गाड़ी में बिल में दर्ज मात्रा से ज्यादा विस्फोटक भरा था। जिस पर जिले की कुकदुर थाना पुलिस ने आरोपी चालक और अनुज्ञप्तिधारक जगदीश चंद्र जाट के खिलाफ मामला दर्ज किया। चालक को गिरफ्तार कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।

दरअसल थाना कुकदुर पुलिस को 10 जनवरी को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि चिल्पा अनुपपुर (म.प्र.) से वाहन क्र. एम.पी. 65 जी.ए.- 2018 में विस्फोटक सामाग्री संख प्राईम पंडरिया से बजाग मार्ग में परिवहन किया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर थाना कुकदुर के सामने नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग के दौरान वाहन क्र. एम.पी. 65 जी.ए.- 2018 के आने पर वाहन को रोककर चालक का नाम पता पुछने पर अपना नाम राकेश कुमार सिंह पिता हिरेन्द्र कुमार सिंह उम्र 22 साल साकिन अम्गाव थाना लुन्ड्रा जिला सरगुजा (छ.ग.) का निवासी होना बताया गया तथा वाहन की चेकिंग गवाहों के समक्ष करने पर उक्त वाहन में विस्फोटक सामाग्री 1. संख प्राईम (330) जिसकी मात्रा 2175 कि.ग्रा. जो 87 बाक्स में भरी हुई, 02. गेलकार्ड 11 (838) 375 मीटर एवं सेफ्टी फ्युज (425) 7.320 मीटर विस्फोटक संख प्राईम भरा हुआ पाया गया। जिसका पंचनामा तैयार किया गया वाहन क्र. एम.पी. 65 जी.ए. 2018 का चालक से उक्त विस्फोटक सामाग्री कब्जे एवं परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज पेश करने हेतु धारा 91 जा.फौ. का नोटिस दिया गया।

### पत्नी की हत्या करने वाले पति को आजीवन कारावास की सजा

**कोरिया ( ए )।** जिला न्यायालय ने अपनी पत्नी की हत्या के आरोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिले के खुटहनपारा बैकुंठपुर में 3 मई 2020 की रात्रि को मोतीलाल ने अपनी पत्नी को रोड में पटककर एवं बेहरहमी से सर पर लाठी मारकर नृशंस हत्या की थी। बैकुंठपुर पुलिस ने आरोपी मोतीलाल उम्र 48 वर्ष, निवासी खुटहनपारा, थाना बैकुंठपुर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। इस मामले में कोरिया पुलिस के अथक प्रयास से न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, बैकुंठपुर जिला कोरिया ने आरोपी को आजीवन करावास की सजा से दंडित किया है।

रेलवे में 1 करोड़ 80 लाख का गबन

# वैगन रिपेयर शॉप का ऑफिस अधीक्षक गिरफ्तार आईपीएल मैच में सरकारी पैसों से लगाता था सट्टा

**रायपुर ( ए )।** रायपुर में दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे के वैगन रिपेयर शॉप WRS में 1 करोड़ 80 लाख की हेराफेरी करने के आरोपी रोहित पालीवाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वैगन रिपेयर शॉप के ऑफिस अधीक्षक रोहित पालीवाल ने रेलवे के कार्यालय इमरजेंसी फंड से 1.80 करोड़ रुपए की हेराफेरी की थी। इसने IPL क्रिकेट में सट्टा लगाने की गलत आदत के चलते रेलवे के खाते से रुपये निकाल लिए और इन रुपयों को सटोरियों के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया।



जब रेलवे ने खातों की जांच की तो पता चला कि इस इमरजेंसी फंड में सिर्फ 4 हजार रुपए ही बाकी रह गए हैं। खमतराई थाने में मामला दर्ज कराया गया था। WRS कॉलोनी में रेलवे का वैगन रिपेयर शॉप है। इस ऑफिस के स्टाफ सुपरवाइजर राम सजीवन सरोज ने खमतराई पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि इस वैगन रिपेयर शॉप के कार्यालय अधीक्षक रोहित पालीवाल (42) ने रेलवे के WRS स्थित SBI ब्रांच से ऑफिस इमरजेंसी फंड के लिए उपयोग किए जाने वाले खाते से रुपये निकालकर अनियमितता की है, जो करीब 1.80 करोड़ रुपये है। आरोपी रोहित ने अप्रैल 2021 से अक्टूबर 2022 तक इन 2 सालों में पैसों की हेराफेरी की है। आरोपी ने कार्यालय प्रमुख की जानकारी के बिना अलग-अलग लोगों के खातों में पैसे को ट्रांसफर कर दिए। साथ की कुछ रुपए अपने निजी खाते में भी ट्रांसफर किए हैं। जब अधिकारियों द्वारा इन खातों की जांच की गई, तो उसमें सिर्फ 4 हजार रुपए मिले। जिसके बाद अधिकारियों के होश उड़ गए।

### ऑनलाइन सट्टेबाजी में लगा दी रकम

पुलिस ने बुधवार को आरोपी रोहित पालीवाल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वो सरकारी खर्च के लिए पैसे निकालने के साथ ही अतिरिक्त पैसे भी रेलवे के खाते से निकालता गया। उसे ऑनलाइन सट्टा खेलने की आदत थी। आरोपी ने IPL क्रिकेट मैचों में सरकारी पैसा लगाना शुरू कर दिया। वो सट्टेबाजी में लगातार रुपए हारता गया और कर्ज के बोझ से दब गया। रोहित पालीवाल रेलवे के अवॉर्ड, डीजल, सर्विस स्टाम्प के नाम पर पैसे निकाल लेता और सटोरियों के खाते में ट्रांसफर कर देता। इसके अलावा आरोपी ने कुछ पैसे अपने रिश्तेदारों को भी भेजे हैं।

### 5 सटोरिये भी गिरफ्तार

बैंक स्टेटमेंट के साथ जब रोहित के खातों की जांच की गई, तो कई अलग-अलग खातों में पैसे ट्रांसफर होना मिला। जिसके बाद उन खातों की जांच में ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले सटोरिए भी पुलिस के रडार पर आ गये। पुलिस खाता नंबर के आधार पर सट्टा खिलाने वाले व्यक्तियों तक पहुंच गई। फिर पुलिस ने 5 सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपी खमतराई निवासी हैं, जिनमें दिनेश महानंद (29), विवेक जायसवाल (33), संजू जायसवाल (33), अशफाक हुसैन (28), बागबाहरा निवासी अयूब खान (28) शामिल हैं। इसमें से एक सटोरिये अयूब खान के पास से पुलिस ने 2 लाख रुपए भी जब्त किए हैं।

स्पीड और लापरवाही के कारण हुआ हादसा

# निजी स्कूल की वैन चबूतरे से टकराई ड्राइवर सहित 11 बच्चे घायल, दो रेफर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** बुधवार को शाम 5.15 बजे ग्राम खलारी बाजार चौक के पास चबूतरा में एक निजी स्कूल की वेन टकरा गई। संजीवनी टीम के अनुसार हादसे में ड्राइवर सहित सरस्वती शिशु मंदिर दल्ली के 11 बच्चे घायल हुए हैं।

घटना के बाद संजीवनी एंबुलेंस के माध्यम से घायलों को चिखलाकसा व घोटिया के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। स्कूल से छुट्टी के बाद ड्राइवर रोजाना की तरह वेन से बच्चों को घर छोड़ने जा रहे थे, तभी स्पीड व लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ।



दो एंबुलेंस के जरिए ईएमटी प्रभा, भावना, पायलट धरम, द्वारिका ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सभी खतरे से बाहर हैं। दो बच्चे को शहीद अस्पताल रेफर किया गया है।

# प्रेमिका की हत्या करने वाला युवक गिरफ्तार

**कोरबा ( ए )।** प्रेमिका की हत्या करने वाले प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रेमी ने 6 माह पहले शादी की जिद पर अपनी प्रेमिका की हत्या कर उसकी लाश जमीन खोद कर बीस फिट नीचे दबा दिया।


मृतिका के परिजनों ने पुलिस को गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। आरोपी के गिरफ्तार होने पर पुलिस को उसने बताया कि हत्या के बाद रोज प्रेमिका का भूत उसे रात में आकर परेशान कर रहा था जिससे वह डरा हुआ था।

पुलिस के अनुसार कोतवाली थाना के रामपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम रिसदी में रहने वाली 24 वर्षीय अंजू यादव 8 माह से घर से गायब थी। उसकी मां रमशीला यादव ने बेटी के गायब होने के दो माह बाद जुलाई 2022 में बेटी की गुमशुदगी रामपुर चौकी में दर्ज करवाई थी। जिसके बाद वह कई बार रामपुर चौकी में अपनी बेटी की तलाश करने की गुहार लगाने के लिए जाती थी। पर वहां से कोई कार्यवाही न होता देख कर रमशीला यादव ने कोरबा एसपी संतोष सिंह से संपर्क किया। अपनी बेटी की तलाश करने की गुहार लगाते हुए ढ़ेलवाडीह निवासी 25 वर्षीय गोपाल खड़िया पर बेटी को गायब करने की आशंका जताई। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी संतोष सिंह ने रामपुर पुलिस को गंभीरता से मामले की जांच के निर्देश दिए।

पुलिस ने गोपाल खड़िया को हिरासत में लेकर पूछताछ की। शुरुवात में तो वह मुकरता रहा फिर सख्ती बरतने पर टूट गया और अपनी प्रेमिका अंजू यादव की हत्या कर लाश दफनाने की बात स्वीकार कर ली। युवती ने बताया कि तीन साल पहले उसकी जान पहचान ईंट भट्ठा में काम करने के दौरान अंजू यादव से हुई थी।

# छापामार कार्रवाई में 688 क्विंटल अवैध धान जब्त

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही ( ए )।** धान खरीदी के दौरान अभिलेख से ज्यादा धान भंडारण एवं अमानक स्तर के धानों की बिक्री की रोकथाम के लिए छापामार कार्रवाई लगातार जारी है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार राजस्व, खाद्य, कृषि एवं कृषि मंडी बोर्ड के अधिकारियों की संयुक्त टीम की छापामार कार्रवाई में अमानक व अवैध भण्डारण पाए जाने पर कुल 688 क्विंटल धान जब्त किया गया। इनमें धान उपार्जन केंद्र धनौली में अमानक पाए जाने पर सात किसानों के 444.80 क्विंटल, धान उपार्जन केंद्र तरईगांव में अमानक पाए जाने पर 184 क्विंटल और पेण्ड्रा के व्यापारी रतनलाल गोयनका के गोदाम में अवैध रूप से भंडारित 60 क्विंटल धान शामिल है।



भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-बेमेतरा (छ.ग.)

Phone No.: 07824-222118 email: eebem-phe-cg@nic.in

नि.सू.क्रमांक 254/तशा./(निविदा)/का./अ/लो.स्वा.यां.खंड/2023 बेमेतरा, दिनांक: 09.01.2023

*अल्प निविदा आमंत्रण सूचना (मैन्युअल पद्धति)*

मुहरबंद निविदायें नीचे उल्लेखित कार्य हेतु प्रपत्र "अ" प्रतिशत दर में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में **ई-पंजीयन प्रणाली की 'डी' एवं उच्च श्रेणी** में पंजीबद्ध ठेकेदारों से स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम – बेमेतरा जिले के अंतर्गत विकासखंड बेमेतरा, नवागढ़, साजा एवं बेरला के विभिन्न ग्रामों में 150 मि.मी. व्यास के 150 मीटर गहरे नलकूप खनन कर हैण्डपम्प स्थापना का कार्य दिये गये शेड्यूल अनुसार।**


| क. | विकासखंड | समूह कमांक | नलकूप खनन कार्य की संख्या | अनुमानित लागत (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | बेमेतरा | 01 | 04 | 4.25 |
| 2 | बेमेतरा | 02 | 03 | 3.19 |
| 3 | बेमेतरा | 03 | 03 | 3.19 |
| 4 | नवागढ़ | 04 | 04 | 4.25 |
| 5 | नवागढ़ | 05 | 03 | 3.19 |
| 6 | नवागढ़ | 06 | 03 | 3.19 |
| 7 | साजा | 07 | 04 | 4.25 |
| 8 | साजा | 08 | 03 | 3.19 |
| 9 | साजा | 09 | 03 | 3.19 |
| 10 | बेरला | 10 | 04 | 4.25 |
| 11 | बेरला | 11 | 04 | 4.25 |

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 17.01.2023 संध्या 5.30 बजे तक है तथा अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में भरे हुए निविदा प्रपत्र दिनांक 23.01.2023 को संध्या 5.30 बजे तक स्पीड पोस्ट द्वारा स्वीकार किये जा सकेंगे। उपरोक्त कार्य की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज, निविदा का विस्तृत विवरण व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://phed.cg.nic.in/eproject/nit/ में दिनांक 17.01.2023 को संध्या 10.00 बजे तक देखी जा सकती है।

जी-97466/4

कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी
खण्ड बेमेतरा ( छ.ग. )


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095


राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles

Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000


माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता

कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### जवाहर उत्कर्ष योजना अन्तर्गत प्रवेश के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास के माध्यम से जवाहर उत्कर्ष योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के लाभ हेतु मान्यता प्राप्त शाला से कक्षा 5 वीं नियमित अध्ययनरत हो तथा कक्षा चौंथी की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया हो। पालक की आय समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय रुपये 2.50 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। निर्धारित प्रपत्र में पालक का स्वघोषणा पत्र होना चाहिये। ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालय में ही अध्ययनरत विद्यार्थी इस योजना अंतर्गत आवेदन कर सकेंगे। उन्हे जिला स्तरीय उत्कृष्ट आवासीय शिक्षण संस्थाओं में शासकीय व्यय पर अध्ययन उपलब्ध कराया जायेगा। छात्र-छात्राओं की पढ़ाई के साथ-साथ उनके रहने, खाने एवं सामान्य चिकित्सा का व्यय भी शासन द्वारा वहन किया जावेगा। योजनान्तर्गत उत्कृष्ट शालाओ में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अंतिम बोर्ड (12वीं) परीक्षा तक ही निर्धारित लाभ की पात्रता होगी। इच्छुक छात्र निर्धारित आवेदन पत्र पूर्ण कर अध्ययनरत संस्था में दिनांक 10 फरवरी तक जमा करे। उक्त आवेदन पत्र शाला प्रमुख द्वारा प्रमाण पत्रों की जांच कर दिनांक 13 फरवरी तक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को प्रेषित किया जाएगा। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दिनांक 17 फरवरी तक समस्त आवेदनों की सूची तैयार कर सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास. कार्यालय दुर्ग में कार्यालयीन समय तक जमा किया जाएगी। परीक्षा दिनांक 12.मार्च को समय दोपहर 12.00 से 2.00 बजे तक आयोजित की जावेगी

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के लिए आवेदन आमंत्रित

**दुर्ग।** एकीकृत बाल विकास परियोजना द्वारा दुर्ग जिले के अहिवारा क्षेत्र अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिका पद हेतु आवेदन आंमत्रित किए गए है। खपरी, अहिवारा, ढौर एवं लिमतरा में आंगनबाड़ी सहायिका एवं अहिवारा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद हेतु 12वीं अथवा 11वीं बोर्ड तथा सहायिका हेतु 8वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य हैं।

### दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा में प्रशासनिक फेरबदल

**दुर्ग।** दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा में प्रशासनिक फेरबदल किए गए हैं। डॉ जी के दत्ता प्राध्यापक वेटरनरी बायोकेमेस्ट्री को विश्वविद्यालय में निदेशक अनुसंधान सेवाएं, डॉ संजय शाक्य प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष वेटरनरी पब्लिक हेल्थ को विश्वविद्यालय में निदेशक विस्तार शिक्षा नियुक्त किया गया है। डॉ नीलू गुप्ता प्राध्यापक को अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ राजू शारदा प्राध्यापक वेटरनरी सर्जरी एंड रेडियोलॉजी को अधिष्ठाता फिशरीज मत्स्यकी महाविद्यालय कवर्धा, डॉ जे. आर. खान प्राध्यापक वेटरनरी फिजियोलॉजी को विभागाध्यक्ष एवं डॉ एम .के. गेंदले सह प्राध्यापक को पदोन्नत उपरांत पशु पोषण विभाग का प्राध्यापक एंव विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया । कुलपति डॉ एन पी दक्षिणकर एवं कुलसचिव डॉ आर.के. सोनवाने ने बधाई देते हुए कहां की वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण श्रद्धा ,निष्ठा, लगन एवं इमानदारी के साथ करते हुए इस विश्वविद्यालय की गतिविधियों को नया आयाम देंगे।

महापौर नीरज पाल, कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने भिलाई के प्रमुख मार्केट क्षेत्रों का किया निरीक्षण

# शहर के सबसे व्यस्ततम मार्केट पावर हाउस में बनेगा वेंडिंग जोन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल सेक्टर 6 स्कूल में बच्चों का ऐसा शैक्षणिक विकास हो रहा है कि अब यहां के छात्र-छात्राएं बेझिझक फर्राटेदार इंग्लिश बोल रहे है। जब कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने बच्चों से सवाल किए तो त्वरित जवाब बच्चों ने अंग्रेजी में दिया। सवालों के जवाब देने में बच्चों ने थोड़ी भी देरी नहीं की।**



कलेक्टर एवं आयुक्त के पूछने पर 9वीं कक्षा के छात्र लोकेश ने हाइड्रोकार्बन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गौरतलब है कि हाल ही में शैक्षणिक विकास की ओर आगे बढ़ते हुए एस्ट्रोनॉमी लैब आत्मानंद स्कूल में प्रारंभ किया गया है। खगोल शास्त्र के बारे में जहां केवल सिर्फ किताबी अध्ययन का ही ज्ञान था, अब करीब से इसके बारे में जानने का मौका मिल रहा है। इसके साथ ही अब यह स्कूल खगोल शास्त्र को समझने के लिए मॉडल स्कूल के रूप में साबित हो रहा है। महापौर नीरज पाल, कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने स्कूल में फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं बायोलॉजी लैब का भी निरीक्षण किया। इस दौरान बीएसपी के जर्जर भवनों की भी जानकारी ली गई।

पावर हाउस मार्केट को व्यवस्थित करने बनेगा वेंडिंग जोन, ठेले भी होंगे व्यवस्थित, शीघ्र होगा क्रियान्वयन शहर के सबसे व्यस्ततम मार्केट पावर हाउस में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने वेंडिंग जोन तैयार किया जाएगा। इसके साथ ही सड़क किनारे लगाने वाले ठेले को भी व्यवस्थित किया जाएगा। शीघ्र ही इसकी प्लानिंग कर क्रियान्वयन किया जाएगा। वेंडिंग जोन के लिए नेहरू नगर चौक से शुरुआत हो चुकी है, अब अन्य मार्केट क्षेत्रों में भी वेंडिंग जोन बनेगा। इसके लिए आज महापौर नीरज पाल, कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारियों के साथ स्थल का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान हाई मास्क लाइट को प्रारंभ करने, पब्लिक टॉयलेट की व्यवस्था करने, विशेष सफाई अभियान चलाने, चयनित स्थानों पर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। संयुक्त निरीक्षण में नंदनी रोड का जायजा लिया गया, इस दौरान सड़कों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। शीतला कॉन्प्लेक्स का अवलोकन करते हुए, स्थल की व्यापक सफाई कर, स्थल के बेहतर उपयोग के लिए प्लानिंग तैयार करने के निर्देश मौके पर दिए गए। मल्टीलेवल पार्किंग तैयार करने तथा सेंट्रल लाइब्रेरी बनाने को लेकर भी प्रारंभिक चर्चा की गई। संयुक्त निरीक्षण में सभापति गिरवर बंटी साहू, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, महापौर परिषद के सदस्य एवं राजस्व प्रभारी सीजू एंथोनी, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की प्रभारी रीता सिंह गेरा, वित्त विभाग के प्रभारी मन्नान गफ्फार खान, पार्षद हरिओम तिवारी, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सेक्टर 4 मार्केट रोड बनेगी स्मार्ट रोड जल्द शुरु होगा काम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल से शहर में स्मार्ट रोड का निर्माण किया जाएगा। इसके तैयारी शुरू कर दी गई है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। सर्व । करीब 23 लाख की लागत से बनने वाला यह सड़क की शहर में अलग ही पहचान होगी।**

गौरतलब है कि भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार शहर का विकास करा रहे हैं। शहर के विकास में उनकी बड़ी भागीदारी व भूमिका है। शहर में हमेशा से कुछ नया और लोगों को मूलभूत सुविधाओं के साथ ही अन्य जरूरी सुविधाएं देने की सोंच से स्मार्ट सड़क का निर्माण किया जाएगा। सेक्टर 4 मार्केट का सबसे पहले जीर्णोंद्धार किया जाएगा। में भी इस सड़क पर पर्याप्त लाइट की व्यवस्था हो। इसके लिए यहां लाइट लगाया जाएगा। इसके अलावा इस सड़क की रौशनता में चार चांद लगाने के लिए यहां रोप लाइट और रंग बिरंगी लाइटें भी लगाई जाएगी। जिससे इस सड़क को पूरी सुंदरता ही लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र होगी।



### गार्डनिग, रोप लाइट और बनेगा फाउंटेन

भिलाई नगर विधायक की सोंच से बन रहे इस सड़क पर एक चौक का भी निर्माण किया जाएगा। चौक के साथ ही यहां बैठने के लिए भी व्यवस्था रहेगी। चेयर लगाए जाएंगे। गार्डनिंग किया जाएगा। और फाउंटेन का निर्माण भी होगा इस पूरे सड़क के जीर्णोंद्धार में करीब 23 लाख रुपए खर्च होंगे। विधायक श्री देवेंद्र यादव की पहल से सड़क की टेंडर प्रकिया लगभग पूरी हो गई है और जल्द ही सड़क का काम भी शुरू कर दिया जाएगा।

शहर का विकास ही हमारा मूलधर्म है। हम लगातार शहर के हित और विकास के लिए काम कर रहे। शहर भर में कई जगह पर स्मार्ट सड़क बनाया जायेगा। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई। इसकी शुरुआत सेक्टर4 से की जा रही।

# कैडेटों को सिखाई जा रही घुड़सवारी के गुण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। छत्तीसगढ़ प्रथम घुड़सवार रेजिमेंट एनसीसी अंजोरा दुर्ग द्वारा आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण कैंप में आज तीसरे दिवस में कैडेटों को प्रतिदिन की भांति योग एवं पीटी कराया गया उसके बाद अनुशासन की मूल सिखलाई ड्रिल की कार्यवाही हुई।**



कैंप में आए हुए कैडेटों को उनके आने वाले एनसीसी सर्टिफिक्रेट परीक्षाओं से संबंधित विषयों की जानकारी एवं परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने की कला का भी ज्ञान प्रदान किया जा रहा है। सैन्य गतिविधियों की जानकारी देते हुए हवलदार नकुल एवं दीपक जी द्वारा युद्ध के समय सैनिकों द्वारा उपयोग मे लाई जाने वाली विभिन्न स्थितियों की जानकारी भी दी गई । सीटीओ मधुरानी मिश्रा जी के द्वारा राष्ट्रीय एकता पर कैडेटों से जानकारी सझा भी की गई। कैंप गतिविधियों में कैडेटों को खेल एवं उनके महत्व बतलाने हेतु प्रतिदिन नए नए खेलों को खेलने हेतु उन्हे प्रोत्साहित किया जा रहा है। कैंप का संचालन कैम्प कमांडेंट कर्नल तुषार उपासनी जी के कुशल निर्देशन में किया जा रहा है।

पद्मनाभपुर निवासियों को मिली 56 लाख के मुख्यमार्ग नवीनीकरण की सौगात

# छः वार्डों के लोगों को मिलेगी धूल एवं गड्ढों से मुक्ति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार को वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने 56 लाख के सडक् डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया।



वार्ड 42, 43, 45, 46 को गौरवपथ से जोड़ने वाले मिनी स्टेडियम मुख्य मार्ग लंबे समय से जर्जर हो चुका था 10 वर्ष पूर्व निर्मित सड़क में जगह जगह गड्ढे एवं धूल से वार्ड वासी परेशान थे । अब विधायक वोरा की पहल पर डामरीकरण के लिए 55.99 लाख से सड़क डामरीकरण के लिए शासन से स्वीकृति मिली है। भूमिपूजन के दौरान विधायक ने कहा कि शहर में बड़े विकास कार्यों के साथ ही वार्डों के अंदरूनी विकास के लिए भी लगातार राशि लाई जा रही है। मिनी स्टेडियम पद्मनाभपुर का हृदय स्थल है जहां विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं खेल कूद के आयोजन लगातार होते हैं जनभावनाओं के अनुरूप सड़क पुनर्निर्माण की पहल की गई है। 56 लाख की राशि अंतर्गत पद्मनाभपुर मेन सड़क डामरीकरण 46 लाख रुपये और वार्ड 45 पद्मनाभपुर मिनी स्टेडियम के पास से स्वेता पंडित के निवास चंचल के घर तक , एमआईजी 699 से बीपी शर्मा घर मैत्री माथुर से विनोद के घर तक डामरीकरण निर्माण कार्य 10 लाख रुपये की लागत का से सडक् डामरीकरण कार्य प्रारंभ शीघ्र होगा एवं 6 वार्ड की जनता को धूल एवं गड्ढों से मुक्ति मिलेगी, साथ ही आवागमन सुगम होगा। महापौर धीरज बाकलीवाल ने लोगों को बरसात में होने वाली परेशानियों से निजात मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों से जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करवाने एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश दिए।

भिलाई में आंगनबाड़ी सहायिका की हुई नियुक्ति

# महापौर नीरज पाल ने दिया महिलाओं को नियुक्ति पत्र


श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। महापौर नीरज पाल ने 4 आंगनबाड़ी सहायिका को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। अब यह महिलाएं आंगनबाड़ी सहायिका के रूप में कार्य करेंगी। एमआईसी में इनकी नियुक्ति को लेकर हरी झंडी दी गई थी और विभागीय प्रक्रिया पूर्ण कर नियुक्ति आदेश जारी कर दिया गया। नियुक्ति पत्र पाकर महिलाओं के चेहरे में मुस्कान साफनजर आ रही थी।**



महापौर ने इन्हें बधाई देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी सहायिका की जिम्मेदारी बहुत महत्वपूर्ण होती है। एक वार्ड, मोहल्ले में आंगनबाड़ी सहायिका शासकीय योजनाओं आदि को लेकर अहम भूमिका अदा करती है। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त रोहित व्यास ने आंगनबाड़ी सहायिका का नियुक्ति आदेश जारी किया है।

अब यह महिलाएं निर्धारित वार्ड क्षेत्रों में आंगनबाड़ी सहायिका की जिम्मेदारी निभाएंगी। महापौर नीरज पाल के हाथों नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वालों में रेणु साहू गुप्ता आंगनबाड़ी सहायिका, गीता आंगनबाड़ी सहायिका, देवकी पाल आंगनबाड़ी सहायिका एवं अनीता कुर्रे आंगनबाड़ी सहायिका शामिल रही। रेणु साहू गुप्ता को वार्ड क्रमांक 64 सेक्टर 10, गीता को वार्ड क्रमांक 34 सुभाष नगर, देवकी पाल को वार्ड 38 शहीद वीर नारायण सिंह नगर तथा अनीता कुर्रे को वार्ड 3 कोसानगर में नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त इन आंगनबाड़ी सहायिका को अनिवार्य रूप से विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के 15 दिवस के भीतर अपनी उपस्थिति इन्हें अनिवार्य रूप से परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई में देना होगा, इसके बाद ही इनकी उपस्थिति मान्य होगी। नियुक्ति पत्र प्रदान करने के दौरान सभापति गिरवर बंटी साहू व अजय शुक्ला आदि मौजूद रहे।




# भिलाई चेम्बर ने एसडीएम पद्मिनी भोई से की भेंट व्यापारियों की समस्याओं से कराया अवगत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई चेम्बर के प्रतिनिधिमण्डल ने प्रदेश महामंत्री अजय भसीन और भिलाई इकाई अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्र ने नेतृत्व में एसडीएम पद्मिनी भोई और श्री रावटे से भेंट की। प्रतिनिधिमण्डल ने सुपेला रेलवे फाटक में निर्माणाधीन अण्डरब्रिज की गहराई अधिक होने के चलते मार्ग प्रभावित होने से व्यापारियों को होने वाले परेशानी से अवगत कराते हुए एक मांग पत्र सौंपा।



साथ ही उक्त विषय पर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर सार्थक पहल की मांग की। इस पर अधिकारियों ने इस विषय पर रेलवे के अधिकारियों से चर्चा कर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है। चेम्बर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने जानकारी देते हुए बताया कि सुपेला रेलवे क्रासिंग पर निर्माणाधीन अण्डरब्रिज की गहराई अधिक होने से उक्त मार्ग बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, जिससे कि दक्षिण गंगोत्री और आकाशगंगा के व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि निर्माण से दक्षिण गंगोत्री का मार्ग बुरी तरह प्रभावित हो रहा है जिसमें वर्तमान में नगर निगम भिलाई ने नए प्लाट का आबंटन भी किया है। अण्डरब्रिज निर्माण से सुपेला रेलवे क्रासिंग से लेकर सुपेला चौक तक की लगभग 70- 80 फीसदी दुकानें प्रभावित होंगी। साथ ही आकाशगंगा सहित होलसेल सब्जी मण्डी जाने का भी प्रमुख मार्ग है जो कि पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्र ने बताया कि जीई रोड पर फ्लाईओवर के निर्माण से नेशनल हाइवे से सब्जी मण्डी जाने वाला मार्ग भी वन-वे हो गया जो अब ज्यादा उपयोग में नहीं आयेगा, ऐसे में केवल सुपेला चौक से रेलवे क्रासिंग वाला मार्ग ही अधिक उपयोग किया जा रहा है। साथ ही नेशनल हाइवे से दक्षिण गंगोत्री को जोड़ने वाला 20 फीट का मार्ग भी ट्रैफिक कंट्रोल कर पाने के लिए पर्याप्त नहीं है, यदि उसे वैकल्पिक मार्ग के रूप में उपयोग में लाये जाने पर विचार किया जा रहा है।

इसलिए अण्डरब्रिज निर्माण के लिए व्यवस्थित वैकल्पिक मार्ग एवं नक्शे में संशोधन किया जाये, जिससे कि दक्षिण गंगोत्री और आकाशगंगा के व्यापारियों को व्यापार संचालन में ज्यादा परेशानियों का सामना न करना पड़े। प्रतिनिधिमण्डल में विनय सिंह, परमानंद यादव, अनिल सिंह, राहुल व राजेश खुराना शामिल थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950